# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 19 जनवरी 2025

संवत 2081, माघ कृष्ण 6– मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 134 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ महाकुंभ में गंगा स्नान से पहले जान लें इसके नियम

बहन-दोस्त के साथ मॉडल और एक्ट्रेस उर्फी जावेद पहुंचीं जवाई ◂◂ 6


# अवैध कोयला निकालने के दौरान धंसा खदान, दो की मौत

मेट्रा रेज



**रांची/ हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव में अवैध कोयला निकालने के दौरान खदान में धंसकर दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात तीन बजे हुई है। स्थानीय लोगों ने फोन कर जानकारी देते हुए बताया कि बड़कागांव थाना के उरीमारी क्षेत्र के लुरूंगा गांव में अवैध कोयला का कारोबार पिछले छह महीने से पुलिस की मिलीभगत से चल रहा है। डब्बू नाम के व्यक्ति का नाम कोयला माफिया के रूप में सामने आ रहा है। ग्रामीणों ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि कल कोयला लेने गये ट्रैक्टर के ड्राइवर और लेबर के कोयला खदान में धंस जाने से मौत हो गयी है। घटना शनिवार रात तीन बजे की है। पुलिस को सूचना देने के बाद भी अभी तक पुलिस नहीं पहुंची है। कोयला माफिया मामला को रफा दफा करने के चक्कर में है और पुलिस को बचाने और अपने बचने के चक्कर में रात भर थी लेकिन शव अभी तक दबा हुआ है। वन विभाग ने 32 अवैध कोयला खदानों को किया सील: हजारीबाग में अवैध कोयला खनन के खिलाफ वन विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने 32 अवैध कोयला खदानों के मुहानों को डोजर से बंद कर दिया है। इन खदानों से स्थानीय लोग जान जोखिम में डालकर अवैध रूप से कोयला निकाल रहे थे। जानकारी के अनुसार, बड़कागांव क्षेत्र में कई जगहों पर छोटे-छोटे मुहाने बनाकर अवैध खनन किया जा रहा था। स्थानीय लोग इन खदानों से कोयला निकालकर जिले के विभिन्न फैक्ट्रियों और ईंट भट्ठों को सप्लाई करते थे। खनन के दौरान जब खदानों में पानी भर जाता था, तो उसे निकालने के लिए पंप का भी इस्तेमाल किया जाता था।

## 26 जनवरी से पहले पाकिस्तान की बड़ी साजिश नाकाम

# बीएसएफ ने बॉर्डर के पास पकड़ा हथियारों का जखीरा

एजेंसी

**बाड़मेर :** देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस बीच सीमा सुरक्षा बल ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया है। सूत्रों ने बताया कि सीमा पर बाड़ के पास रेत में छिपाए गए हथियार बरामद किए गए हैं। इसमें 9 एमएम की 4 ग्लॉक पिस्तौल, 8 मैगजीन और 78 कारतूस बरामद किए गए हैं। फिलहाल मामले की जांच तेज कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है। माना जा रहा है कि ये हथियार पाकिस्तान की तरफ से तस्करी करके लाया गया है।

सूत्र ने बताया, सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर हमने सूचना के आधार पर शुक्रवार को बीजराड़ पुलिस थाना क्षेत्र में भभूते की ढाणी के पास तलाश अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान, सीमा पर बाड़ से थोड़ी दूरी पर रेत के टीले में छिपाकर रखे गए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। वहीं हथियारों का जखीरा बरामद होने के बाद बीएसएफ और पुलिस की टीम, अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान संचालित कर रही हैं। इसके अलावा इस बात की भी जांच की जा रही है कि ये हथियार भारत में कैसे पहुंचे? बता दें कि देश में कुछ ही दिन में गणतंत्र दिवस मनाया जाना है। ऐसे में हथियारों की बरामदगी को संवेदनशील मामला माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है।

# गैसोलीन टैंकर में विस्फोट से 70 लोगों की मौत, 56 घायल, 15 दुकानें जलकर राख

एजेंसी



**नाइजीरिया :** उत्तरी नाइजीरिया में एक पेट्रोल टैंकर ट्रक पलट गया, जिससे ईंधन फैल गया और विस्फोट हो गया। इस धमाके में कम से कम 70 लोग मारे गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, 70 से अधिक शव बरामद किए गए और 56 व्यक्ति घायल हो गए और 15 से अधिक दुकानें नष्ट हो गई।

घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में ले जाया जा रहा है, उनके इलाज के लिए हर संभव कोशिश जारी है। नेशनल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के हुसैनी ईसा ने बताया कि फ्यूल ट्रांसफर के कारण विस्फोट हुआ, जिसके बाद गैसोलीन ट्रांसफर करने वालों और आसपास खड़े लोगों की मौत हो गई।

राज्य के डिक्को क्षेत्र में कई निवासी गैसोलीन टैंकर से ईंधन निकालने की कोशिश करते समय भीषण आग में फंस गए। बागो ने कहा, कई लोग जलकर मर गए। जो लोग टैंकर के इतने करीब नहीं थे, वे घायल होने के बावजूद बच गए। इस घटना को चिंताजनक, हृदय विदारक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

नाइजर राज्य के संघीय सड़क सुरक्षा कोर सेक्टर कमांडर कुमार त्सुक्वाम ने भी इस मामले में अपना बयान दर्ज कराया है। उन्होंने कहा, रोकने के ठोस प्रयासों के बावजूद ईंधन लेने के लिए लोगों की बड़ी भीड़ जमा हो गई। सुक्वाम ने कहा कि अग्निशमन कर्मी आग पर काबू पाने में कामयाब रहे। अफ्रीका के सबसे बड़े तेल उत्पादक देश में ऐसी दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे देश में दर्जनों लोगों की मौत हो जाती है।

## 4 मंजिला मकान में लगी भीषण आग, महिला और 3 बच्चे जिंदा जले

**गाजियाबाद :** दिल्ली से सटे गाजियाबाद के लोनी इलाके में रविवार तड़के एक चार मंजिला मकान में भीषण आग लगने से एक महिला और 3 बच्चों सहित कुल 4 लोगों की जलकर मौत हो गई। वहीं, एक महिला और 6 साल की बच्ची भी झुलसी है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाने के बाद शवों को निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गाजियाबाद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह 7:00 बजे सूचना मिली कि थाना लोनी क्षेत्र अंतर्गत कंचन पार्क मोहल्ले में एक मकान में आग लगी है। पुलिस द्वारा तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना की गई।

## आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर खूब बरसे जयशंकर, कहा-

# पाक ऐसा कैंसर, जो खुद को पहुंचा रहा नुकसान

- आतंक को समर्थन देने वाली नीतियां अब खुद उसके के लिए घातक बनीं
- हिंदुस्तान को सबका मित्र और वैश्विक मंच पर एक भरोसेमंद भागीदार बताया



एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई में आयोजित 19वें नानी एपी पालखीवाला स्मृति व्याख्यान के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान पर तीखा प्रहार किया है। जयशंकर कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा कैंसर है जो खुद अपने समाज को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पाकिस्तान की सीमा-पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली नीतियां अब उसके अपने राजनीतिक तंत्र को भी प्रभावित कर रही हैं। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान हमारे पड़ोस में एक अपवाद है। उसकी आतंकवाद को समर्थन देने वाली नीतियां अब उसके खुद के लिए घातक बन चुकी हैं। पूरे उपमहाद्वीप की साझा रुचि है कि पाकिस्तान अपनी इस सोच से तौबा करे। विदेश मंत्री ने भारत की कूटनीति और तकनीकी प्रगति पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत भले ही पश्चिम का हिस्सा न हो, लेकिन उसके रणनीतिक हित यह सुनिश्चित करते हैं कि वह पश्चिम के खिलाफ भी नहीं है।

जयशंकर ने उभरती हुई और महत्त्वपूर्ण तकनीकों में भारत के पीछे न रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारत को विश्वबंधु यानी सबका मित्र और वैश्विक मंच पर एक भरोसेमंद भागीदार बताया। जयशंकर ने कहा कि भारत की कूटनीति का उद्देश्य अधिक से अधिक दोस्ती करना और समस्याओं को कम करना है। हालांकि, यह सब भारत के राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। जयशंकर ने क्षेत्रीय और मध्यम शक्ति वाले देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह भारत के राजनयिक प्रोफाइल को विस्तारित करने में मददगार साबित हुआ है। जयशंकर ने भारत की कूटनीति को तीन शब्दों में परिभाषित किया- आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित। उन्होंने कहा कि पिछले दशक ने दिखाया है कि हम विविध रिश्तों को बिना किसी विशेष एकाधिकार के आगे बढ़ा सकते हैं। ध्रुवीकृत स्थितियों ने हमारी विभाजन को पाटने की क्षमता को उजागर किया है।

# मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता : सैफ अली खान पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई :** सैफ अली खान पर हमले के आरोपी को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस रिमांड के लिए उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसी मामले को लेकर पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। अब तक की मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी का नाम विजय दास है और वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है।

पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए 35 से अधिक टीमों का गठन किया था। बांद्रा पुलिस बांद्रा हॉलीडे कोर्ट में विजय दास को पेश करेगी और पुलिस कस्टडी की मांग करेगी। आरोपी विजय दास ठाणे के हीरानंदानी एस्टेट में ब्लाबर नाम के एक होटल में काम करता था। आरोपी जिस होटल में पहले काम करता था, उसी होटल में उसे एक समय बेस्ट एम्पलाई का अवॉर्ड भी दिया गया था। बाद में उसने काम छोड़ दिया।

शनिवार की रात 12 बजे करीब क्राइम ब्रांच और बांद्रा पुलिस को हीरानंदानी एस्टेट में एक कंस्ट्रक्शन





साइट पर आरोपी के होने की सूचना मिली। जिसके बाद जोन 6 के डीसीपी नवनाथ ढबले को सूचित किया गया ताकि आरोपी हाथ से न निकले। डीसीपी नवनाथ की टीम तुरंत थाने के लिए रवाना हुई, साथ में क्राइम ब्रांच की टीम भी पहुंची लेकिन आरोपी को पुलिस के आने की सूचना मिल गई

### बांग्लादेशी होने का शक

थी। इसके बाद आरोपी एक कंस्ट्रक्शन साइट पर घनी कंटीली झाड़ियों में जाकर छुप गया। जंगल के अंदर झाड़ियों में छुपने की वजह से आरोपी को खोजने में दिक्कत हो रही थी। ऐसे में टॉर्च और मोबाइल टॉर्च तक का सहारा लेना पड़ा और आरोपी को चारों तरफ से झाड़ियों में क्राइम ब्रांच और पुलिस ने घेर लिया। जिसके बाद कंटीली झाड़ियों में से उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को बांद्रा पुलिस आज बांद्रा पुलिस हॉलीडे कोर्ट में पेश करेगी। रात 2 बजे के करीब आरोपी को घंटों की मेहनत के बाद कंटीली झाड़ियों से पकड़ा गया। आपको बता दें कि गुरुवार की सुबह सैफ पर उनके बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में कई बार चाकू से हमला किया गया। इस हमले में उन्हें गंभीर चोट लगने के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी सर्जरी की गई। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

## यूजीसी नेट परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (नेट) ने 21 और 27 जनवरी को होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को अपने एप्लिकेशन नंबर और जन्मतिथि की आवश्यकता होगी।

# गंगा नदी में पलटी नाव 3 की मौत, 10 लापता



एजेंसी

**कटिहार :** बिहार में कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह गंगा नदी में नौका के पलट जाने से तीन लोगों की डूबकर मौत हो गई, जबकि दस अन्य लापता हो गए हैं। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गदाई दियारा क्षेत्र से नौका पर सवार 17 लोग दियारा क्षेत्र में खेत में काम करने जा रहे थे। इसी दौरान नाव अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई। इस घटना में तीन लोगों की डूबकर मौत हो गई, जबकि दस अन्य लापता हैं। सूत्रों ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से चार लोगों को नदी से बाहर निकाला गया है। उन्हें अमदाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। मौके पर पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी कैंप कर रहे हैं। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मन की बात : प्रधानमंत्री ने महाकुंभ को एकता और समता का प्रतीक बताया, कहा-यहां कोई भेदभाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाकुंभ' को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया और कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बात' की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया और कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।



**चुनाव आयोग का किया धन्यवाद :** प्रधानमंत्री ने इस दौरान 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इसी दिन ह्यभारतीय निर्वाचन आयोग' की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा, हमारे संविधान निमार्ताओं ने संविधान में हमारे चुनाव आयोग को, लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी को, बहुत बड़ा स्थान दिया है। मैं चुनाव आयोग का भी धन्यवाद दूंगा, जिसने समय-समय पर, हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है, मजबूत किया है। आयोग ने जन-शक्ति को और शक्ति देने के लिए, तकनीक की शक्ति का उपयोग किया।" उन्होंने देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने-अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया सशक्त बनाने का भी आह्वान किया।

**प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का भी जिक्र किया:** प्रधानमंत्री ने ह्यमन की बात' के इस कार्यक्रम में पौष द्वादशी के दिन अयोध्या में राम मंदिर में राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का भी जिक्र किया और कहा कि प्राण प्रतिष्ठा की यह द्वादशी भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुनः प्रतिष्ठा की द्वादशी बन गई। उन्होंने कहा, हमें विकास के रास्ते पर चलते हुए ऐसे ही अपनी विरासत को भी सहेजना है और उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है।" हाल के दिनों में उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि आज हमारा देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

**इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे:** उन्होंने यह भी कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है क्योंकि ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। उन्होंने कहा, इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया।" प्रधानमंत्री ने इस दौरान संविधान सभा में बहस के दौरान बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, राजेन्द्र प्रसाद और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संबोधनों के ऑडियो क्लिप का कुछ अंश भी सुनाया। उन्होंने कहा, हर देशवासी को इन विचारों से प्रेरणा लेकर, ऐसे भारत के निर्माण के लिए काम करना है, जिस पर हमारे संविधान निमार्ताओं को भी गर्व हो।"

### कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं : प्रधानमंत्री

**मोदी ने** कुंभ', पुष्करम' और गंगा सागर मेले' का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने कहा,ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं।" प्रधानमंत्री ने कहा, कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं।" उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आई है। उन्होंने कहा, ह्यह्यजब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।"

## न्यूज ब्रीफ

### डीटीओ ने चलाया जांच अभियान, 2 वाहन जब्त

मेदिनीनगर : पलामू के जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) जीतेंद्र यादव ने अवैध परिवहन के खिलाफ शनिवार को वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दौरान 2 वाहनों को जब्त किया गया। टीम दोनों वाहनों को पड़वा थाना पुलिस को सौंप दी। दोनों वाहन थाना परिसर में रखे गए हैं, जबकि एक वाहन का ऑनलाइन चालान भी काटा गया। डीटीओ ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। अभियान में जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी भी शामिल रहे।

### यात्री बस से 8 किलो गांजा बरामद, कंडक्टर गिरफ्तार



**जमशेदपुर:** झारखंड के जमशेदपुर के बरसोल थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक यात्री बस से 8 किलो गांजा बरामद किया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये आंकी जा रही है।

ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली मिली थी कि ओडिशा से पश्चिम बंगाल जाने वाले एक यात्री बस में गांजे का खेप जा रहा है। उसके बाद एक टीम का गठन कर छापेमारी की। हालांकि, बस के चालक को इसकी भनक लग गयी उसने कच्चे रास्ते से बस को ले जाने का प्रयास किया, मगर पुलिस की सक्रियता से बरसोल थाना क्षेत्र में यात्री बस को धर दबोचा गया। तलाशी लेने पर उसमें से 8 किलो गांजा बरामद किया गया।


एसपी ने बताया कि बस के कंडक्टर के मिली भगत से ही गांजा का कारोबार चल रहा था। कंडक्टर जयंत दास को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### एक साथ छह घरों में हुई चोरी से लोगों में दशहत



सिल्ली : सिल्ली थाना क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। इलाके की सुरक्षा अब बस राम भरोसे है। ताबड़तोड़ चोरियां हो रही हैं। कभी गाड़ियों की चोरी तो कभी घरों में, ऐसा ही और एक चोरी का मामला प्रकाश में आया है । बीती रात सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत दोवाडू गांव में आधा दर्जन से अधिक घरों को निशाना बनाकर चोरों ने गहने एंव नगद व घर के सामान की चोरी की है। चोर एक दो नहीं बल्कि बड़ी संख्या में घरों को निशाना बना रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरो ने कामेश्वर उपाध्याय, अजीत उपाध्याय ,लक्ष्मण उपाध्याय, धनु रजक, बिष्णु रजक, दुर्गा सिंह मुंडा ,भोला कुम्हार, बानेशवर मंडल के घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ज्ञात हो कि पिछले एक महीने के भीतर इलाके में कई घटना हुए है किसी में भी अभी तक सफलता नही मिली इसलिए चोरों का मनोबल बढ़ गया है।

### खरसावां के पूर्व विधायक गुलाब सिंह मुंडा का निधन



रांचीः खरसावां के पूर्व विधायक गुलाब सिंह मुंडा (86) का देर शाम निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से बीमारियों से जूझ रहे थे। उनका निधन चाईबासा स्थित सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ। गुलाब सिंह मुंडा ने 1972 से 1977 तक बिहार विधानसभा में खरसावां क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। तीन दिन पहले ही उन्हें चाईबासा के सदर अस्पताल में भर्ती किया गया था। गुलाब सिंह मुंडा के पुत्र संजोग बानरा ने बताया कि उनके पिता पिछले 20 दिनों से भोजन नहीं कर रहे थे और केवल लिक्विड पेय ही लिया करते थे। शनिवार की देर शाम उन्होंने अंतिम सांस ली।

गुलाब सिंह मुंडा का पार्थिव शरीर रविवार को उनके पैतृक गांव कुचाई के तिलोपदा में अंतिम संस्कार के लिए लाया गया। देर रात उनका शव कुचाई के तिलोपदा पहुंचाया गया। उनके परिवार के कई सदस्य दिल्ली और अन्य राज्यों में रहते हैं, और रविवार को सभी परिवारजन वहां पहुंचने के बाद ही अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू होगी।

गुलाब सिंह मुंडा के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, स्थानीय विधायक दशरथ गागराई और पूर्व विधायक मंगल मुंडा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अर्जुन मुंडा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करके दुख जताया है। पूर्व विधायक गुलाब सिंह मुंडा का जीवन सादगी से भरा हुआ था। वे एक मिलनसार और मददगार व्यक्ति के रूप में प्रसिद्ध थे। उन्हें साइकिल चलाना बहुत पसंद था, और वह अक्सर साइकिल पर ही चलते दिखाई देते थे, चाहे वह पूर्व विधायक रहे हों या सामान्य नागरिक।

### पलामू के युवक की सऊदी अरब में मौत, परिजन शव लाने की लगा रहे गुहार

पलामूः जिले के एक युवक की सऊदी अरब में मौत हो गई। युवक सद्दाम हुसैन मेदिनीनगर के मुस्लिम नगर का रहने वाला है। सद्दाम हुसैन की मौत 17 जनवरी को हुई थी। वह कंपनी में काम करने के बाद घर लौटा और सो गया। जहां सुबह उसका शव मिला। सद्दाम 23 जुलाई 2024 को मजदूरी के लिए सऊदी अरब गया था।

सद्दाम के दोस्तों ने परिजनों को मौत की सूचना दी। अब सद्दाम की मौत के बाद परिजन शव को पलामू लाने की गुहार लगा रहे हैं। सद्दाम के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद पूरे परिवार में चीख-पुकार मची है और परिवार सदमे में है। सद्दाम की पत्नी का कहना है कि वह आखिरी बार अपने शौहर को देखना चाहती है। उसका शव घर लाया जाए। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास सह श्रम मंत्री केएन त्रिपाठी सद्दाम के घर पहुंचे और परिजनों से बात की। पूर्व मंत्री ने श्रम विभाग के अधिकारियों से बात की और हर मामले में पहल करने की बात कही है। पूर्व मंत्री ने बताया कि पूरे मामले को लेकर श्रम विभाग के अधिकारियों से बातचीत की गई है। सद्दाम के शव को लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस बीच घटना की जानकारी मिलने पर मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदस्य भी सद्दाम के घर पहुंच गए।

#### किसान मेले में मत्स्य पालकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए मछली पालन से जुड़ें: शिल्पी नेहा तिर्की

### मछली पालन कर स्वरोजगार से जुड़ें और आमदनी बढ़ाएं: डॉ एचएन द्विवेदी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चान्हो (रांची):** झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग के तत्वावधान में जिले के सिलागाई, (चान्हो) में प्रमंडल स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेले में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा मत्स्य पालन विभाग के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मेला में निदेशक (मत्स्य)डॉ.एचएन द्विवेदी,उप मत्स्य निदेशक अमरेंद्र कुमार व शंभू प्रसाद यादव, रांची जिला मत्स्य पदाधिकारी जयंत रंजन सहित काफी संख्या में मत्स्य कृषक उपस्थित थे।

मौके पर मत्स्य कृषकों को संबोधित करते हुए विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मत्स्य पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दिलाने में सहायक है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को मछली पालन के रोजगार से जुड़कर आर्थिक सशक्तिकरण में सहयोग करने की अपील की। वहीं, निदेशक डॉ.एचएन द्विवेदी ने कहा कि झारखंड सरकार मत्स्य पालकों को हर संभव सहयोग करने को तत्पर है। विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के मार्गदर्शन में मत्स्य निदेशालय मछली उत्पादन में झारखंड राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सतत प्रयासरत है। उन्होंने मत्स्य पालन से जुड़कर आमदनी बढ़ाने की अपील की।

इस अवसर पर कांके के विधायक सुरेश बैठा, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### बकरी चराने गई नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में जंगल में बकरी चराने गई एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार नाबालिग अपनी बकरी चराने के लिए जंगल में गई थी। इसी क्रम में रज्जाक अंसारी और मनव्वर अंसारी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की कोशिश की, लेकिन शोर मचाने के बाद रज्जाक मौके से फरार हो गया। जबकि मनव्वर ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद नाबालिग बेहोश हो गई। पूरे मामले में पुलिस ने नाबालिग लड़की को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया।

## रांची पुलिस ने किया नकली नोट गिरोह का भंडाफोड़, 4.99 लाख की फेक करंसी बरामद



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोट वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने नकली नोटों को खपाने का काम करते हुए तीन आरोपियों को धर दबोचा है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोगों द्वारा नकली नोट खपाने का कारोबार किया जा रहा है। पुलिस ने उक्त सूचना के आलोक में अरगोड़ा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर तीन लोगों को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिल कुमार, मो। साबिर और अब्बू हुजैफा के रूप में हुई है। साथ ही इनके पास से 4.99 लाख रुपये के नकली नोट, एक बाइक और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। फिलहाल पुलिस तीनों को गिरफतार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस इस कारोबार में संलिप्त अन्य आरोपियों की खोजबीन में जुट गई है।

#### विधायक ने दोवाडू व पतराहातु में लगाया जनता दरबार

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लोगों तक पहुंचना प्राथमिकताः अमित



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिल्ली :** विधायक अमित महतो ने शनिवार को सिल्ली प्रखंड के दोवाडू एंव पतराहातु पंचायत में जनता दरबार लगाया। इस दौरान विधायक ने कहा किसी भी प्रकार की समस्याएं हो तो आप लोग मौखिक नहीं लिखित रूप से यहां उपस्थित अंचल व प्रखंड के पदाधिकारी को आवेदन दें। निश्चित रूप से सप्ताह- 15 दिनों के अंदर उन समस्याओं का निष्पादन होगा। विधायक ने सर्वांगीण विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लोगों को मिले इसके लिए वे हर संभव कोशिश करेंगे। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी से कोई भेदभाव नहीं होगा। इस दौरान दोनों पंचायत के विभिन्न गांव के ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए निदान की गुहार लगाई। जनता दरबार में मौजूद सीओ अरुणिमा एक्का कृषि पदाधिकारी कमला कांत महतो वीपीओ आदि पदाधिकारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी कागजात जमा करने के लिए विस्तृत रूप से जानकारी दिया। सीओ अरुणिमा ने कहा किसी भी प्रकार की समस्याएं हो तो निष्पादन के लिए पदाधिकारी से किसी का माध्यम से नही बल्कि स्वयं सीधा सम्पर्क करें। मौके पर झामुमो नेता सतीश महतो, पूर्व मुखिया रासबिहारी बड़ाईक ,दिलेश्वर महतो ,रोशन प्रमाणिक ,बलराम महतो, परमेश्वर हजाम, विनोती देवी, बूदेश्वर मुंडा ,तिलोचन बड़ाईक, मनोरंजन महतो, बसंती देवी, हेमा देवी , मुखिया प्रतिनिधि ऋतु पूर्ण सिंह मुंडा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

#### झारखंड सरकार की 'मंईयां सम्मान योजना' का बढ़ रहा क्रेज

## 58 लाख से अधिक हुई लाभुकों की संख्या

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान योजना का क्रेज लोगों में बढ़ता जा रहा है। दरअसल, हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि, झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली है। बता दें कि, छह जनवरी तक लाभुकों की संख्या 56,61,791 थी। लेकिन अब यह संख्या 58 लाख से अधिक हो गयी है। छह जनवरी के बाद लाभुकों की संख्या में 1,47,988 की बढ़ोतरी हुई है। योजना के तहत अब तक लाभुकों की संख्या में 16,99,394 की बढ़ोतरी हो चुकी है।

अब तक 67,84,154 आवेदन हुए जमाः




गौरतलब है कि, हेमंत सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत अगस्त 2024 से हुई थी। मंईयां सम्मान योजना के लिए अब तक 67,84,154 आवेदन जमा हुए हैं। वहीं दिसंबर तक कुल 67,58,681 आवेदन जमा हुए थे। इनमें से 58,09,779 लाभुकों के आवेदन का सत्यापन हो गया है। इन्हें योजना का लाभ मिलेगा, शेष आवेदनों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। यहां आपको ये भी बता दें कि, झारखंड के छह जिल ऐसे हैं जहां लाभुकों की संख्या 24 लाख से अधिक है। जिसमें रांची, धनबाद, गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और पलामू शामिल हैं।

बता दें कि, मंईयां सम्मान योजना की जनवरी की किस्त जारी करने की विभागीय स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गयी है। जानकारी के मुताबिक, अगले सप्ताह तक बैंक खाते में राशि ट्रांसफर कर दी जायेगी।

### अफीम की खेत रोकने के लिए पुलिस का शपथ और जागरूकता अभियान



**मुरी :** सिल्ली पुलिस ने वरीय अधिकारी के निर्देश पर सिल्ली बसंतपुर पंचायत क्षेत्र में अफीम की खेती रोकने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया। जिसमें सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने अफीम की खेती विनिष्टीकरण के लिए शपथ में कि 'हम सभी न कभी अफीम की खेती करेंग,न ही खेती करने वाले को बढ़ावा देंगे, समाजिक रूप इसका विरोध करेंगे।' क्षेत्र के लोग से अपील की कि अफीम की खेती की कोई जरूरत नहीं है अफीम की खेती से खेत बंजर होती है पानी का सोरत खत्म हो जाता है। अफीम की खेती कानुनी अपराध है कठोर सजा हो सकती है। श्री ठाकुर ने लोगों समझाते हुए कहा कि अफीम की खेती से से क्षेत्र के युवक में अफीम सेवन की आदत लग सकती है।जो उसके भविष्य के लिए ठीक नहीं है। इस मौके पर प्रभारी के साथ थाना स्टाफ एवं क्षेत्रीय पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## एक्शन मोड में गढ़वा डीसी अनियमितता के तीन अलग-अलग मामलों में की सख्त कार्रवाई

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखण्ड अंतर्गत रामपुर पैक्स में धान क्रय के दौरान कालाबाजारी संबंधी भारी अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायत के आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा संयुक्त रूप से जांच करायी गई। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि धान अधिप्राप्ति विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित 5375 क्विंटल के विरूद्ध उनके गोदाम में मात्र 2693 क्विंटल धान पाया गया।

निरीक्षण के समय लगभग 2300 क्विंटल धान गोदाम में नहीं पाया गया। भारी अनियमितता के लिए रामपुर पैक्स के अध्यक्ष रविंद्र सिंह से स्पष्टीकरण पृच्छा की गई, अध्यक्ष द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार्य योग्य नहीं था जिसे अस्वीकृत कर दिया गया जबकि अनियमितता के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा के माध्यम से रविंद्र सिंह, अध्यक्ष, रामपुर पैक्स, प्रखण्ड-मझिआंव, जिला-गढ़वा के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मझिआंव थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दिया गया है। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में सरकार द्वारा जारी निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सरकारी योजनाओं में किसी भी स्तर पर अनियमितता प्रकाश में आने पर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। खरौंधी प्रखंड के ग्राम पंचायत, खरौंधी में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ दिए जाने संबंधी प्राप्त शिकायत की जांच में पाया गया है कि खरौंधी पंचायत में कुल 09 अयोग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति कराया गया है, जिसमें 07 लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि भी विमुक्त किया गया है। जांच का पता चलने के बाद शेष 02 लाभुकों के खाता में राशि अंतरित नहीं की गई है। निर्देश देने के बाद सभी 07 लाभुकों से खाता में राशि वापस लिया गया है। जांचोपरांत यह स्पष्ट हो रहा है कि लाभुकों का ग्राम सभा से चयन, निबंधन एवं जियो टैग में लापरवाही एवं अनियमितता बरती गई है। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा इस मामले में सभी संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की गई है, जसमें (1) शशि कुमार, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत खरौंधी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। (2) खरौंधी पंचायत की मुखिया मंजु देवी को निलंबित करने की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग को कर दिया गया जबकि (3) रविरंजन प्रखण्ड समन्वयक एवं रवीन्द्र कुमार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खरौन्धी द्वारा पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में कारण पृच्छा किया गया है, साथ ही चेतावनी दिया गया कि यदि अगली बार लापरवाही परिलक्षित होती है तो आपलोग की जबाबदेही तय करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाना है। आवास का लाभ योग्य लाभुकों को ही दिया जाए, किसी भी परिस्थिति में अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ लिए जाने का मामला संज्ञान में आएगा तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। खरौंधी प्रखण्ड के कुपा पंचायत के सीएससी संचालक नवनीत कुमार पटेल, सत्यनारायण गुप्ता एवं अजित प्रजापति द्वारा गलत मंशा से जानबूझकर मइंयां सम्मान योजना के कुछ लाभुकों के खाता संख्या एवं आईएफ एससी कोड के स्थान पर अपने सगे संबंधी/रिश्तेदार का संख्या एवं आईएफएससी कोड पोर्टल पर प्रविष्टि करने का मामला प्रकाश में आया था। मामला संज्ञान में आने के बाद अंचल अधिकारी, खरौंधी से जांच करायी गयी। जांच के क्रम में शिकायत सही पाया गया, प्रतिवेदित किया गया है कि सीएससी संचालकों द्वारा इन्ट्री के समय लाभुक के खाता के स्थान पर अपना या अपने सगे संबंधी का खाता डाल दिया गया है जिससे राशि लाभुक के खाता में नहीं जाकर इनके या इनके सगे लोगों के खाता में जा रहा था।



# रांची से महाकुंभ के लिए शुरू की गयी दो स्पेशल ट्रेनें, संजय सेठ ने दिखाई हरी झंडी

संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची से महाकुंभ जाने के लिए आज से रेलवे ने स्पेशल ट्रेन की शुरूआत कर दी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रांची रेलवे स्टेशन से टूंडला के लिए महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रक्षा राज्य मंत्री ने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद वे मां गंगा से राज्य के विकास के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के और अधिक शक्तिशाली और दीघार्यु होने का आशीर्वाद मांगें। रक्षा राज्य मंत्री ने महाकुंभ के सुखद संयोग और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व की भी सराहना की।

महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने उनसे झारखंड की सुख-समृद्धि के लिए भगवान से



आशीर्वाद मांगने का भी आग्रह किया। प्रयागराज में 28 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ में रांची से जाने वाली सभी ट्रेनों में नो रूम होने के कारण श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने रांची से 10 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू करने का निर्णय लिया था। इसी के तहत आज टूंडला एक्सप्रेस को रांची होते हुए प्रयागराज के लिए रवाना किया गया।

ट्रेन को प्रयागराज के लिए रवाना करने के बाद राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ में सनातनियों का आना और गंगा में डुबकी लगाना सनातन को जीवंत कर रहा है। दीपक प्रकाश ने महाकुंभ के लिए रांची से स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया।

## पुस्तक मेला : दूसरे दिन जुटी भीड़ लोग खरीद रहे मनपसंद किताबें

**रांची:** जिला स्कूल मैदान में किताबों का एक बड़ा संग्रह सजाया गया है, जहां सभी कॉलेज की पुस्पुकें आसानी से उपलब्ध हैं। विभिन्न परीक्षाओं की किताबें भी एक ही परिसर में मिल रही हैं। दस दिवसीय राष्ट्रीय पुस्पुक मेला के दूसरे दिन पुस्तक प्रेमियों की भीड़ उमड़ने लगी है. विभिन्न स्कूल और कॉलेज के छात्र- छात्राएं अपने स्लेबस की किताबें चुनकर खरीद रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने ार्यक्रम में शिरकत की. इस मौके पर संस्कृति कर्मी अनीश अंकुर की पुस्तक रंगमंच के सामा जिक सरोकार का लोकार्पण किया। साथ ही संगीतकारों के लिए लोकगीत एवं देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा संशोधन**

**ई-टेण्डर नोटिस सं.:** M-442-PA Item-JP-24-25, **दिनांक** 16/01/2025. मंडल रेल प्रबंधक (कै व वै) जयपुर, उ.प.रे. भारत के राष्ट्रपति महोदय एवं उनकी ओर से, खुली ई-निविदा संख्या M-442-PA Item-JP-24-25 जिसकी बंद होने की तिथि 05.02.2025 समय 15.00 बजे तक का है, के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई है। जिसमें ई-निविदा संख्या 442/3/Pit line/Tender 2024-25 के स्थान पर M-442-PA Item-JP-24-25 पढ़ा जाये। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कै व वै)
उ.प.रे. जयपुर

72-DK/25

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम-अजय गुप्ता, उम्र-29 वर्ष, रंग-सॉवला, ऊँचाई-5 फीट, 10 ईंच पहनावा-हरा रंग का जैकेट एवं नीला रंग का जिंस पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति अजय गुप्ता, उम्र-29 वर्ष, पिता-घनश्याम राम, सा0-तेतरी टोली नामकुम, थाना-नामकुम, जिला-रॉंची जो दिनांक-20.12.2024 को अपने घर से 09 माह का बच्चा साथ लेकर बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में नामकुम थाना सनहा संख्या-10/2024 दिनांक-20.12.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0 प्रथम, रॉंची। -9431706141
थाना प्रभारी नामकुम, रॉंची। -9431706173

पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 344606 (Police)24-25*D

## अगले चार दिन तक ठंड से नहीं मिलेगी राहत, कोहरे के साथ छाए रहेंगे बादल

संवाददाता



**रांची:** झारखंड के ज्यादातर जिलों में आज हल्के से मध्यम दर्जे की कोहरे के साथ दिन की शुरूआत हुई। इसके बाद आसमान में आंशिक बादल छाए रहें, जिसकी वजह से राज्य के ज्यादातर जिलों में पारा चढ़ा और अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर ही रहा। राज्य भर में अधिकतम तापमान पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 5.2 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक रहा। इसी तरह रांची का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक रहा।

वहीं, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान भी सामान्य से 0.8 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक जाकर 28 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड हुआ। धनबाद का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेंटीग्रेड और बोकारो का अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य अधिकतम तापमान से क्रमश 0.4 डिग्री सेंटीग्रेड और 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस दौरान राज्य में सबसे कम तापमान 5.7 डिग्री सेंटीग्रेड गुमला में रिकॉर्ड किया गया।

आसमान में आंशिक बादल बनने की वजह से ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। गुमला के बाद राज्य का सबसे कम यानी न्यूनतम तापमान रांची के नामकुम में दर्ज किया गया। नामकुम में 6.3 डिग्री सेंटीग्रेड डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। चतरा जिले में न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। वहीं, हजारीबाग का न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेंटीग्रेड और रांची से सटे रामगढ़ जिले का न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड हुआ।

## अल्सर से बचाव के लिए करें प्राणायाम : योगाचार्य

मेट्रो रेज



**रांची:** अल्सर एक प्रकार का घाव या छाला है जो शरीर की अंदरूनी सतहों पर बनता है। योगाचार्य महेश पाल बताते हैं कि यह आमतौर पर पेट की अंदरूनी परत, छोटी आंत या ग्रासनली (इसोफेगस) में होता है ।पेट में बनने वाला एक्स्ट्रा एसिड गैस्ट्रिक अल्सर का मुख्य कारण है अल्सर का यदि समय पर सही इलाज न किया जाए तो यह आंतों में कैंसर का कारण भी बन सकता है,अल्सर तब होता है जब पेट में बनने वाला अम्ल (एसिड) इन आंतरिक सतहों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे छाले या घाव हो जाते हैं,जो पेट,आहारनाल या आँतों की अंदरूनी सतह पर विकसित होते हैं,जिस जगह पर अल्सर होता है उसके आधार पर इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है जैसे पेट में होने वाले अल्सर को गैस्ट्रिक अल्सर कहा जाता है, उसी तरह छोटी आंत के अगले हिस्से में होने वाले अल्सर को डुओडिनल अल्सर कहा जाता है,गैस्ट्रिक अल्सर,जिसे पेट का अल्सर भी कहा जाता है, पेट की आंतरिक परत में होने वाला एक घाव या छाला है ।यह तब होता है,जब पेट की म्यूकस परत कमजोर हो जाती है और पेट के अम्ल द्वारा क्षतिग्रस्त हो जाती है, अल्सर को बढ़ावा देने के लिए हेलीकोवेक्टर पाईलोरी बैक्टीरिया भी जिम्मेदार माना जाता है, यह बैक्टीरिया पेट की म्यूकस परत को कमजोर करता है, जिससे पेट का अम्ल (एसिड) आंतरिक परत को नुकसान पहुंचाता है, बही दूसरी और नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स,जैसे कि इबुप्रोफेन, एस्पिरिन और नेप्रोक्सेन का लंबे समय तक या अधिक मात्रा में सेवन करने से अल्सर हो सकता है। ये दवाएं पेट की सुरक्षा करने वाली म्यूकस परत को कमजोर करती हैं। जब हम अल्सर से ग्रसित होते हैं तो हमारे सामने कई समस्याओं उत्पन्न होती हैं जिसमें अल्सर से पेट और छोटी आंत की दीवार में छेद हो जाता है इससे पेट की गुहा में गंभीर संक्रमण हो सकता है। आंतरिक रक्तस्राव रक्तस्राव के कारण धीरे-धीरे रक्त की कमी से एनीमिया हो सकता है , जबकि गंभीर रक्त हानि के लिए रक्त आधान की आवश्यकता हो सकती है। गंभीर मामलों में खूनी उल्टी, मल मै रक्त आना पेप्टिक अल्सर पाचन तंत्र को अवरुद्ध कर देता हैं, जिससे हम बिना किसी संभावित स्पष्टीकरण के आसानी से भरा हुआ महसूस कर सकते हैं, बार-बार सीने में जलन, वजन तेजी से घटने, गैस बनना, भूख न लगना आदि पेट में अल्सर होने के ही कारण है ।जब हमें यह महसूस होता है कि हमें अल्सर धीरे-धीरे हमारे शरीर में हो चुका है तो उसके कई लक्षण हमारे सामने नजर आते हैं जिसमें रात में, खाली पेट या खाने के कुछ समय बाद तेज दर्द, गैस और खट्टी डकार,उल्टी,पेट के उपरी हिस्से में दर्द,पेट का भारीपन,भूख में कमी,वजन घटना, सुबह-सुबह हल्की मितली, अल्सर होने के पीछे के कारण नजर सामने आते हैं जिसमें हेलीकोवेक्टर पाईलोरी बैक्टीरिया, धूम्रपान, अत्यधिक शराब का सेवन, तनाव- चिंता, मसालेदार व तला हुआ भोजन,अवस्थित दिनचर्या व भोजनचर्या आदि, अल्सर व अल्सर से होने वाली समस्याओं से बचाव के लिए योग-प्राणायाम काफी उपयोगी साधन के रूप में है जिससे हम अपने शरीर को अल्सर व अन्य होने वाली बीमारियों से बचा सकते हैं जिसमें अल्सर से बचाव के लिए,पवनमुक्त आसन यह आपके पेट में जमा होने वाली सभी गैसों से छुटकारा पाने में मदद करता है और अल्सर के प्रभाव से बचाता है ।अर्द्धमत्येंद्रासन का अभ्यास हेलीकोवेक्टर पाईलोरी बैक्टीरिया के संक्रमण से बचाता है जो अल्सर होने के लिए जिम्मेदार है, नाड़ी शोधन प्राणायाम तनाव व चिंता से बचाव करता है, कपालभाति के अभ्यास से आंतो को ऊर्जा मिलती है और पाचन तंत्र व कब्ज की समस्या से राहत मिलती है, यह अभ्यास आंतो को स्वस्थ बनाता है, यदि हमें कोई गंभीर शारीरिक रोग है तो उसके लिए योग अभ्यास के द्वारा हम धीरे-धीरे ठीक कर सकते हैं लेकिन योग अभ्यास योगाचार्य,योग गुरु के ही मार्गदर्शन में ही किया जाए जिससे हमें योग का पूरा लाभ मिल सके।

## विवि की समस्याओं व छात्रों से जुड़े मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा

### आइसा की हुई बैठक

**रांची:** ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) की झारखंड राज्य परिषद की बैठक महेंद्र सिंह भवन, मेन रोड रांची में संपन्न हुई। यह बैठक सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चली, जिसमें राज्य भर से छात्र नेताओं ने भाग लिया। बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों की समस्याओं एवं छात्रों से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। आइसा ने आगामी दिनों में कई महत्वपूर्ण अभियानों का ऐलान किया है, जिनका उद्देश्य छात्रों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा नीति में सुधार लाना है। महासचिव प्रसनजीत कुमार ने बैठक के दौरान दिए गए महत्वपूर्ण विचारों को साझा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति छात्रों को शिक्षा और रोजगार से वंचित करने की ओर बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर लगातार शिक्षा में फंड कटौती की जा रही है। महासचिव ने यह भी कहा कि झारखंड में खनिज संपदाओं को अडानी और अंबानी के हाथों में देने की योजना है, वहीं राज्य में छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित रखा गया है। पेपर लीक और समय पर परीक्षा न होना जैसे मुद्दे भी झारखंड में गंभीर समस्या बन चुकी हैं। आइसा ने राज्य सरकार से यह मांग की है कि छात्रों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं, छात्रवृत्ति का शीघ्र भुगतान किया जाए, सभी विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराए जाएं और रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएं। इसके साथ ही, राज्य में स्थानीयता नीति को लागू करने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। महासचिव ने कहा कि देश भर में छात्रों और युवाओं को रोजगार और शिक्षा से वंचित किया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर भाजपा और आरएसएस सांप्रदायिकता, नफरत और आपसी भाईचारे को तोड़ने में जुटी हुई है। ऐसे में, आइसा जैसे संगठन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, ताकि लोकतंत्र, संविधान की रक्षा और छात्रों के बुनियादी मुद्दों पर आंदोलन को तेज किया जा सके।

**अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम-सीमा देवी, उम्र-24 वर्ष, (साथ में बच्ची 07 वर्ष) रंग-गोरा, ऊँचाई-5 फीट 2 ईंच पहनावा-सफेद कुर्ती पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला सीमा देवी, उम्र-24 वर्ष, (साथ में बच्ची 07 वर्ष), पति-बिरू करमाली, पता-नवाडीह चैनपुर, थाना-माण्डु, जिला-रामगढ़ जो 20-25 दिनों से लापता है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सदर थाना सन्हा संख्या-11/2024, दिनांक-18.12.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉंची। -9491102090
थाना प्रभारी सदर, रॉंची। -9431706160

पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 344611 (Police)24-25*D

## कुपोषण मुक्त होगा झारखंड : पीड़ित बच्चों के लिए शिशु शक्ति खाद्य पैकेट का वितरण शुरू

संवाददाता

**रांची:** झारखंड सरकार ने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए 'शिशु शक्ति' खाद्य पैकेट का वितरण शनिवार से शुरू कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिशु शक्ति नामक खाद्य पैकेट, सरकार द्वारा वर्तमान में उपलब्ध कराए जा रहे राशन की तुलना में ऊर्जा, प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर है।

अधिकारी के मुताबिक, इस योजना का उद्देश्य राज्य को कुपोषण मुक्त बनाना है। राज्य सरकार में मंत्री दीपक बिरुआ और सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर प्रखंड में पायलट परियोजना के तौर पर इस पहल की शुरूआत की है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, शिशु शक्ति



आहार स्थानीय रूप से उपलब्ध अनाज, दालों, मेवों और बाजरे से बनाया जाता है। इसे छह महीने से छह साल के बीच के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उचित मात्रा में दिए जाने पर बेहतर परिणाम देने के लिए तैयार किया गया है।''

राज्य के महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की निदेशक समीरा एस ने कहा कि यह पायलट परियोजना अगले चार महीने तक चलेगी तथा इसकी व्यवहार्यता की निरंतर रूप से निगरानी की जाएगी। समीरा एस ने कहा, हमने प्रखंड में गंभीर रूप से कुपोषित 397 बच्चों की पहचान की है। इन बच्चों को घर में बने सामान्य भोजन के साथ शिशु शक्ति आहार भी दिया जाएगा। यह एक व्यवहार्यता परीक्षण है, और हम चार महीने की लक्षित अवधि में बच्चों के सुधार का निरीक्षण करेंगे।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, झारखंड में लगभग 3.90 लाख बच्चे कुपोषित या कम वजन के हैं।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम-सुर्पिया रंजन, उम्र-25 वर्ष, रंग-सॉवला, ऊँचाई-5 फीट 6 ईंच पहनावा-जींस टॉप पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला सुर्पिया रंजन, उम्र-25 वर्ष, पति-अंकित कुमार यादव, स्थायी पता महुलबना, थाना-मसलिया, जिला-दुमका वर्तमान पता-खेलगॉव चौक, रॉंची जो दिनांक-22.12.2024 को पुने से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सदर थाना सन्हा संख्या-10/2025, दिनांक-05.01.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।


अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉंची। -9491102090
थाना प्रभारी सदर, रॉंची। -9431706160

पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 344621 (Police)24-25*D



# महाकुंभ का अमृत कुंभ से क्या है संबंध? जानें इससे जुड़ी पौराणिक कथा

हिंदू धर्म में कुंभ मेले का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह पर्व करोड़ों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है और सनातन संस्कृति की महानता को दर्शाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि महाकुंभ का अमृत कुंभ से क्या संबंध है। हिंदू धर्म में कुंभ मेले का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह पर्व करोड़ों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है और सनातन संस्कृति की महानता को दर्शाता है। मान्यता है कि करोड़ों वर्ष पूर्व देवताओं और दानवों के बीच समुद्र मंथन के दौरान जो अमृत कुंभ निकला था, उसके अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी पर गिर गई थीं। इन्हीं स्थानों पर हर 12 वर्ष में कुंभ मेले का आयोजन होता है। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक ये चार प्रमुख स्थान हैं, जहां कुंभ का आयोजन किया जाता है।

महाकुंभ का अमृत कुंभ से क्या है संबंध?
पुराणों के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कुंभ लेकर आए थे, तब देवताओं और दानवों के बीच अमृत प्राप्ति को लेकर संघर्ष छिड़ गया। भगवान विष्णु ने इस संघर्ष को रोकने और अमृत को सुरक्षित रखने के लिए मोहिनी का रूप धारण किया। उन्होंने अमृत कलश को सुरक्षित रखने के लिए इंद्रदेव के पुत्र जयंत को सौंपा। जयंत अमृत कुंभ को लेकर आकाश मार्ग से चले, लेकिन दानवों ने उनका पीछा किया। इस दौरान अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी पर गिर गईं। ये बूंदें प्रयागराज में गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर, हरिद्वार में गंगा नदी में, उज्जैन में क्षिप्रा नदी में और नासिक में गोदावरी नदी में गिरीं। इन्हीं स्थानों पर कुंभ मेले की परंपरा शुरू हुई।

कुंभ मेला हर 12 साल में आयोजित होता है, जबकि हर 6 साल में अर्धकुंभ का आयोजन किया जाता है। कुंभ पर्व का महत्व केवल धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मेले में संत-महात्मा, ऋषि-मुनि, आस्थावान श्रद्धालु और पर्यटक बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। कुंभ स्नान का महत्व हिंदू धर्मग्रंथों में विस्तार से वर्णित है। मान्यता है कि कुंभ में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, कुंभ मेला आध्यात्मिक ज्ञान, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। यहां कई आध्यात्मिक और धार्मिक सभाएं आयोजित होती हैं, जिनमें साधु-संतों के प्रवचन, योग साधना और विभिन्न अनुष्ठान शामिल होते हैं।

प्रयागराज का कुंभ मेला विशेष रूप से संगम तट पर आयोजित होता है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों का संगम होता है। संगम का यह स्थान हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। कुंभ मेले के दौरान यहां लाखों श्रद्धालु एकत्रित होकर पवित्र स्नान करते हैं और ईश्वर से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।




# प्रयागराज में संगम के किनारे स्थित है अक्षय वट, पौराणिक महत्व और इससे जुड़े प्रसंग

**अक्षय वट, जिसे भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं में अत्यंत पवित्र माना जाता है, पौराणिक कथाओं और आस्थाओं से जुड़ा हुआ है। यह वट वृक्ष उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्थित है और संगम क्षेत्र में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम के निकट इसका स्थान है।**

इस पृथ्वी पर करोड़ों वृक्ष हैं, लेकिन उनमें से कुछ वृक्ष ऐसे में भी हैं जो हजारों वर्षों से जिंदा है और कुछ ऐसे हैं जो चमत्कारिक हैं। हिन्दू धर्मानुसार 5 वटवृक्षों का महत्व अधिक है। अक्षयवट, पंचवट, वंशीवट, गयावट और सिद्धवट के बारे में कहा जाता है कि इनकी प्राचीनता के बारे में कोई नहीं जानता है। अक्षय वट, जिसे भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं में अत्यंत पवित्र माना जाता है, पौराणिक कथाओं और आस्थाओं से जुड़ा हुआ है। यह वट वृक्ष उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्थित है और संगम क्षेत्र में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम के निकट इसका स्थान है। इसे अक्षय वट इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह अजर-अमर माना गया है और इसका अस्तित्व सृष्टि के आरंभ से ही है। अक्षय का अर्थ होता है जिसका कभी क्षय न हो, जिसे कभी नष्ट न किया जा सके। इसीलिए इस वृक्ष को अक्षय वट कहते हैं। वट का अर्थ बरगद, बड़ आदि। इस वृक्ष को मनोरथ वृक्ष भी कहते हैं अर्थात मोक्ष देने वाला या मनोकामना पूर्ण करने वाला। यह वृक्ष प्रयाग में संगम तट पर हजारों वर्षों से स्थित है।

## धार्मिक महत्व

अक्षय वट को मोक्ष का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस वृक्ष के दर्शन मात्र से पापों का नाश होता है और जीवन-मरण के बंधनों से मुक्ति मिलती है। त्रिवेणी संगम के पास स्थित होने के कारण यह तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है।

माघ मेले और कुंभ मेले के दौरान यहाँ लाखों भक्त आते हैं और इसे पवित्र मानकर इसकी परिक्रमा करते हैं। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, अक्षय वट की पूजा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। महाभारत और पुराणों में इसे ब्रह्मा, विष्णु और महेश द्वारा संरक्षित बताया गया है। इसे त्रिदेवों की कृपा का स्थान माना जाता है।

## इतिहास

अक्षय वट का उल्लेख अनेक धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। स्कंद पुराण, पद्म पुराण और महाभारत में इसका वर्णन किया गया है। यह माना जाता है कि इस वृक्ष के नीचे कई ऋषि-मुनियों ने तपस्या की थी और वेदों का ज्ञान प्राप्त किया था। इसके अलावा, यह वृक्ष उन स्थानों में से एक है जहाँ भगवान राम ने अपने वनवास के दौरान माता सीता और लक्ष्मण के साथ विश्राम किया था।

## सृष्टि के आरंभ की कथा

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सृष्टि के आरंभ में जब जल प्रलय हुआ था, तब अक्षय वट ही एकमात्र वृक्ष था जो उस प्रलय से अडिग रहा। अक्षयवट कहलाने वाले इस वृक्ष के एक पत्ते पर ईश्वर बालरूप में विद्यमान रहकर सृष्टि के अनादि रहस्य का अवलोकन करते हैं। इसे भगवान विष्णु की कृपा का प्रतीक माना गया।

## संतों की तपस्या का स्थान

यह वृक्ष उन ऋषि-मुनियों का तपस्थल माना जाता है जिन्होंने मोक्ष की प्राप्ति के लिए यहां तप किया। कहा जाता है कि ऋषि मार्कंडेय ने भी इस वट वृक्ष के नीचे तपस्या की थी।जैनों का मानना है कि उनके तीर्थंकर ऋषभदेव ने अक्षय वट के नीचे तपस्या की थी। प्रयाग में इस स्थान को ऋषभदेव तपस्थली (या तपोवन) के नाम से जाना जाता है।

## भगवान राम का वनवास

जब भगवान राम अपने वनवास के दौरान प्रयागराज आए, तो उन्होंने इस वट वृक्ष के नीचे विश्राम किया। यही कारण है कि इसे रामभक्तों के लिए भी पवित्र माना जाता है।

# महाकुंभ में गंगा स्नान से पहले जान लें इसके नियम

महाकुंभ का आयोजन हर 12 वर्ष के अंतराल पर किया जाता है, जिसे धर्म और आस्था का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। इसे महाकुंभ या पूर्णकुंभ भी कहा जाता है। विश्व प्रसिद्ध यह मेला करोड़ों श्रद्धालुओं, साधु-संतों और गृहस्थ लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। कुंभ मेले का आयोजन देश में तीन स्थानों- हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में होता है, जबकि महाकुंभ विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किया जाता है। महाकुंभ का महत्व केवल धार्मिक नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।

प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों का संगम है, जिसे त्रिवेणी संगम कहा जाता है। मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है और उसके समस्त पाप समाप्त हो जाते हैं। इस पवित्र अवसर पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और साधु-संत यहां एकत्रित होते हैं। कुंभ मेले का आयोजन लगभग एक महीने तक चलता है, जिसमें कई महत्वपूर्ण तिथियों पर शाही स्नान आयोजित किए जाते हैं। महाकुंभ का महत्व केवल स्नान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें संयम, श्रद्धा और धार्मिक नियमों का पालन भी अनिवार्य है। माना जाता है कि महाकुंभ के दौरान गंगा स्नान करने वाले गृहस्थ लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि उनके पुण्य के लाभ में कोई बाधा न आए।

## गंगा स्नान के नियम

स्नान से पहले गृहस्थ लोगों को दो महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

पहला, साधु-संतों के स्नान के समय उनसे पहले स्नान नहीं करना चाहिए। खासकर शाही स्नान के अवसर पर साधु-संतों को प्राथमिकता दी जाती है। यदि गृहस्थ लोग इस नियम का पालन नहीं करते हैं, तो वे पुण्य के बजाय पाप के भागी बन सकते हैं।

दूसरा, गंगा में स्नान करते समय डुबकी का विशेष महत्व है। कुंभ के दौरान कम से कम पांच बार गंगा में डुबकी लगाकर स्नान करना चाहिए। यह धार्मिक परंपरा का पालन सुनिश्चित करता है और इसे अधूरे स्नान से अधिक प्रभावकारी माना जाता है।

महाकुंभ का महत्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है। यह मेला आध्यात्मिक ज्ञान, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी महत्वपूर्ण मंच है। कुंभ मेला श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति प्रदान करने के साथ-साथ जीवन के गहरे रहस्यों को समझने का अवसर देता है। इसलिए, जो भी श्रद्धालु महाकुंभ में गंगा स्नान करने आते हैं, उन्हें धार्मिक परंपराओं और आचार-संहिता का पालन अवश्य करना चाहिए। तभी वे इस पवित्र अवसर का पूर्ण लाभ उठा पाएंगे और पुण्य के भागी बनेंगे।





माना जाता है कि जिस व्यक्ति ने महा कुंभ के दौरान कल्पवास का निवाहन कर लिया उसे साक्षात भगवान की कृपा प्राप्त होती है और उसके जीवन में सुख-समृधि, सौभाग्य, संपन्नता औ सकारात्मकता का वास स्थापित होता है।

# क्या होता है कल्पवास? जानें महाकुंभ में इसके नियम

महाकुंभ का आरंभ 13 जनवरी से हो गया है वहीं, महाकुंभ का समापन 26 फरवरी, दिन बुधवार को महाशिवरात्रि के साथ होगा।

महाकुंभ के दौरान लोग कल्पवास का नियम लेकर उसका पूरी श्रद्धा से पालन करते हैं। माना जाता है कि जिस व्यक्ति ने महा कुंभ के दौरान कल्पवास का निवाहन कर लिया उसे साक्षात भगवान की कृपा प्राप्त होती है और उसके जीवन में सुख-समृधि, सौभाग्य, संपन्नता और सकारात्मकता का वास स्थापित होता है।

कल्पवास का अर्थ है कि एक महीने तक संगम के तट पर रहकर वेदाध्ययन, ध्यान और पूजा में संलग्न रहना। इस साल महाकुंभ के दौरान पौष मास के 11वें दिन से कल्पवास का आरंभ होगा और माघ मास के 12वें दिन तक इसका पालन किया जाएगा। ऐसी मान्यता है कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ प्रारंभ होने वाले एक माह के कल्पवास से उतना पुण्य मिलता है, जितना एक कल्प में, जो ब्रह्म देव के एक दिवस के बराबर है।

## कल्पवास का महत्व?

कल्पवास के दौरान प्रयाग में संगम के तट पर भक्त कुछ विशेष धार्मिक नियमों का पालन करते हुए एक माह तक रहते हैं। कुछ लोग मकर संक्रांति से भी कल्पवास की शुरुआत करते हैं। मान्यता है कि कल्पवास मनुष्य के आध्यात्मिक विकास का एक महत्वपूर्ण साधन है। संगम पर माघ मास के पूरे महीने निवास कर पुण्य फल प्राप्त करने की इस साधना को कल्पवास कहा जाता है।

कहा जाता है कि कल्पवास करने से इच्छित फल प्राप्त होने के साथ-साथ जन्म-जन्मांतर के बंधनों से मुक्ति मिलती है। महाभारत के अनुसार, माघ माह में कल्पवास करने से उतना पुण्य प्राप्त होता है, जितना सौ वर्षों तक बिना अन्न ग्रहण किए तपस्या करने से मिलता है। इस अवधि में श्वेत या पीले रंग के शुद्ध वस्त्र पहनना उचित होता है।

कल्पवास का सबसे कम समय एक रात होता है। इससे ज्यादा की संख्या तीन रात, तीन महीने, छह महीने, छह साल, बारह साल या जीवनभर की भी होती है।

## क्या हैं कल्पवास के नियम?

पद्म पुराण में महर्षि दत्तात्रेय द्वारा बताये गए कल्पवास के नियमों के अनुसार, जो लोग 45 दिन तक कल्पवास में रहते हैं उनके लिए 21 नियमों का पालन करना आवश्यक है। ये 21 नियम हैं- सत्यवचन का पालन, अहिंसा का अभ्यास, इन्द्रियों पर नियंत्रण, सभी प्राणियों पर दयाभाव, ब्रह्मचर्य का पालन, व्यसनों का त्याग, ब्रह्म मुहूर्त में जागना, नित्य तीन बार पवित्र नदी में स्नान करना, त्रिकाल संध्या का ध्यान, पितरों का पिण्डदान, दान।

अन्तर्मुखी जप, सत्संग का आयोजन, संकल्पित क्षेत्र के बाहर न जाना, किसी की निंदा न करना, साधु-सन्यासियों की सेवा करना, जप और संकीर्तन में संलग्न रहना, एक समय भोजन करना, भूमि शयन करना, अग्नि सेवन न कराना, देव पूजन करना। इन नियमों में से सबसे अधिक महत्वपूर्ण ब्रह्मचर्य, व्रत, उपवास, देव पूजन, सत्संग और दान माने गए हैं। पद्म पुराण में ये भी व्रणित है कि कल्पवास सिर्फ साधु-संत ही नहीं बल्कि गृहस्थी भी कर सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# उधवा पक्षी आश्रयणी में की हुई पक्षियों की गिनती

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड के इकलौते उधवा झील पक्षी आश्रयणी में पक्षियों के गणना की गई।एशियन वाटर बर्ड सेंसस की टीम ने उधवा पहुंचकर पक्षियों की गणना की।उनके हैबिटेट का आकलन किया।गणना के दौरान इस वर्ष माइग्रेटरी बर्ड के साथ स्थानीय पक्षी भी काफी संख्या में मिले हैं।झील में माइग्रेटरी बर्ड सेंट्रल एशिया मंगोलिया और साइबेरिया क्षेत्र से पहुंचे हैं। उधवा पक्षी आश्रयणी में कुल 50 से अधिक प्रजाति के वाटर बर्ड और वाटर डिपेंडेंट बर्ड मिले हैं। लगभग 25000 से ज्यादा पक्षी इस साल पहुंचे हैं।एडब्लूसी की टीम को इस बार बताया कि इस वर्ष नए पक्षी के रूप में ब्लैक बिटर्न नामक पक्षी उधवा झील में दिखा है।झराखंड एडब्लूसी के स्टेट कॉर्डिनेटर डॉ सत्य प्रकाश ने बताया कि बरहेल में 8 हजार,पतौड़ा में 2 से ढाई हजार,पुरीलिया में भी लगभग 8 हजार पक्षी देखे गए हैं।पहली बार उधवा में ब्लैक बिटर्न मिला है।हजारों कॉमन टिल,नॉर्दन पिनटेल भी मिला है।यहां अच्छी संख्या में पक्षी मिले हैं। बिहार, एडब्लूसी स्टेट कोऑर्डिनेटर अरविन्द मिश्रा ने बताया कि उधवा एक गजब की जगह है।यहां के पतौड़ा झील में पक्षियों का जुटान अलग तरीके का है।प्रजातियां अलग हैं।कम गहराई वाली झील बरहेल में पक्षियों की विविधता ज्यादा और अनोखी है।बरहेल झील से सटे पुरोलिया झील में 10 हजार के करीब झुंड में पक्षियों का दिखना पक्षी विशेषज्ञों को आश्चर्य में डाल रहा है।बड़े-बड़े पक्षी अभ्यारण्य में भी



इतने पक्षियों की कल्पना नहीं कर सकते।पतौड़ा,बरहेल व पुरुलिया व आसपास 20 हजार की संख्या में पक्षी आप आराम से देख सकते हैं।लोगों को पता नहीं है कि इस इलाके में भी पक्षियों की इतनी समृद्धि है।तीन दिनों के अंदर यहां यहां प्रवासी पक्षियों में कॉमन टेल,पिन टेल, रेड कैस्टर पोचार्ड,गार्डवाल सहित इतने पक्षी यहां आ रहे हैं।ब्लैक नेक स्टर्ड भी यहां आ रहा है।आज ब्लैक बिटर्न भी दिखा जो उधवा के लिए नई प्रजाति है। उधवा अदभुत जगह है।सर्वे टीम में इंडियन बर्ड कंजर्वेशन नेटवर्क मेम्बर अमित जैन,मुरारी सिंह,वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग,उप वन परिसर पदाधिकारी इंद्रजीत भारती, बर्ड वाचर कामदेव कुमार, मनीष कुमार चौधरी, डॉल्फिन प्रहरी अजीजूर रहमान एवं वन कर्मी कुंदन कुमार शामिल थे।सभी शामिल सदस्यों के अनुसार इस वर्ष सबसे अधिक प्रवासी पक्षी जैसे रेड क्रेस्टेड पोचार्ड,पर्पल हेरोन,लेसर एडीजूटेंट,ग्रे हीरोंन, ब्लैक हेडेड गल,ब्राउन हेडेड गल,नॉर्दर्न पिंटेल, गार्गिनी, गडवाल, वाइट आई पोचार्ड, ग्रे वेगटेल, वुड सेंड पाइपर, कॉमन कूट एवं यूरेसियन मार्श हैरियर जैसे अन्य पक्षिओं का झुंड देखा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### साहिबगंज में 11 फरवरी से शुरू होगा डिज्नीलैंड : रंजीत सरकार



**साहिबगंज :** शहर के टाउन हॉल के समीप 11फरवरी से एक बार फिर डिज्नीलैंड मेला की मेला लगने जा रही हैं। यह जानकारी मेला के प्रबंधक रंजीत सरकार ने दिया।इसके लिए पुरे विधि विधान से भूमि पूजन किया गया. प्रबंधक रंजीत सरकार ने बताया की इसी सप्ताह से मेला लगाने का काम शुरू किया जायेगा जो 10 फरवरी तक बन कर तैयार हो जायेगा. इस बार मेला में स्वीटजारलैंड की एक नई आईटम मेला को खास बनाएगा. साहिबगंज के टाउन हॉल के पीछे मैदान में हर वर्ष मेला लगाया जाता हैं. जिसमे साहिबगंज के लोगो का खूब मनोरंजन करता हैं. मेला के आयोजन में यहाँ के लोगो का भी खूब स्पोर्ट मिलता हैं।और हम सफलता पूर्वक मेला का संचालन कर पाते हैं।इस वर्ष भी उम्मीद हैं की लोगो का खूब स्पोर्ट मिलेगा और हम लोगो का मनोरंजन कर पाएंगे. मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद अजित शर्मा, गोपाल सिंह, विवेक पासवान, मेला प्रबंधन के लोग उपस्थित रहे।

### झारखंड युवा क्लब के तत्वाधान में महिलाओं का तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन



**साहिबगंज :** शहर के रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट के मैदान में न्यू झारखंड युवा क्लब के तत्वाधान में महिलाओं का तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद गोपाल चोखानी एवं एलसीसी कंप्यूटर सेंटर प्राचार्य उत्तम कुमार ने संयुक्त रूप से तेज चाल प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस प्रतियोगिता में समाज सेवी पूर्व सैनिक मनोज कुमार यादव का न्यू झारखंड युवा क्लब को भरपूर सहयोग प्रदान किया।इस कार्यक्रम के आयोजक विनोद कुमार यादव एवं बबीता अग्रवाल उपस्थित थी।जिसमें ज्योति मिश्रा,मोनिका कुमारी,खुशबू मिश्रा,आदित्य गुप्ता,नेहा तुलसी,रानी गुप्ता,चांदनी देवी,पुनीता देवी,पूजा कुमारी,रीना कुमारी प्रतियोगिता में विजय हुई।

### सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले में स्पेशल ओवरलोडिंग वाहनों का जांच अभियान चलाया



**साहिबगंज :** सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत ओवरलोडिंग वाहनो की जांच किया जा रहा है जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी एवं मोटरयान निरीक्षक विमल किशोर के द्वारा ऐसे वाहन जो क्षमता से अधिक भार ले जा रहे है। उन वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत करवाई के साथ जुमार्ना वसूला गया।जिसमें कुल अभी तक 28 वाहनों पर कार्रवाई किया गया है जिसमें अभी तक 9 वाहनों का चालान कर 411250 रुपया जुमार्ना वसूला गया है और 4 वाहनों को जप्त कर थाना को सुपूत किया गया एवं 15 वाहनों को नोटिस कर करवाई किया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि ओवरलोडिंग वाहन सड़क सुरक्षा मानकों पर सही नहीं रहने के कारण सड़क दुर्घटनाओं मैं हिस्सेदारी रहती है। सड़क दुर्घटना को कम करने हेतु ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई किया जा रहा है। ओवरसाइज वाहन जो वाहन की साइज से अधिक लोड लेकर वाहन के आकर में बढ़ोतरी होती है जो सड़क पर दुर्घटना का कारण बनती हैं। ऐसे वाहन पर कार्रवाई कर जुमार्ना वसूला गया है।

### जिला कृषि पदाधिकारी एवं आत्मा के परियोजना निदेशक ने किया फसलों की स्थिति की जांच

**दुमका :** जिले के जिला कृषि पदाधिकारी सत्य प्रकाश एवं आत्मा के परियोजना निदेशक संजय कुमार मंडल ने शनिवार को जरमुंडी प्रखंड के बारा, झाखिया एवं पेटसार गांव में एनएफएसएम,ळफ्फ्रक्ष,बिरसा फसल विस्तार योजना, अन्तर्गत लगाए गए फसलों का स्थल निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में फसल की स्थिति अच्छी पाई गई और किसानों को रबी फसलों के प्रबंधन के बारे में सलाह दी गई. मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मिथिलेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अक्षय कुमार साह, कृषक दिवाकांत यादव, कुणाल मांझी,नबोध मसात, बजरंग मसात,हरी मांझी, नेवाजी लायक एवं शीतल मांझी आदि कृषक मौजूद थे.

### राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की आयोजित बैठक संपन्न



**दुमका :** जिले के सरैयाहाट में शनिवार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला संयोजक बालमुकुंद यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. बैठक में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा , प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार झा, प्रदेश प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, अंजनी रंजन सहित कई पंचायत समिति के सदस्य एवं कांग्रेसी उपस्थित थे.

## स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का एक उत्कृष्ट केंद्र बनेगा : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम का दौरा किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्टेडियम के निर्माण में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार और संबंधित पदाधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की और निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं पर चर्चा की।उपायुक्त ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का एक उत्कृष्ट केंद्र बनेगा। उन्होंने निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीक और सामग्री के उपयोग पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश भी दिए।



उन्होंने निर्माण कार्य की समय-सीमा पर विशेष ध्यान देने और गुणवत्ता से समझौता न करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।साइंस सेंटर के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने इसे शैक्षणिक और वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि इसका लाभ छात्रों और स्थानीय लोगों को मिल सके।

## संयोजक सदस्य इमाम विश्वास की देख रेख में संगठन विस्तार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड के बिंदुधाम मंदिर के नीचे दुर्गा मंदिर के समीप झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के प्रखंड उपाध्यक्ष मंटू गुप्ता की अध्यक्षता में बरहरवा प्रखंड समिति गठन को लेकर बैठक की गई।इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं संयोजक सदस्य इमाम विश्वास की देख रेख में संगठन विस्तार हुई।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने बताया कि तालझारी एवं उधवा प्रखंड स्तरीय झारखंड मजदूर संघ का संगठन को छोड़कर बरहरवा सहित सात प्रखंड स्तरीय संगठन को भंग किया गया।तत्पश्चात बरहरवा प्रखंड इकाई संगठन का चुनाव सर्व



समिति से किया गया है।जिसमे प्रखंड अध्यक्ष नदीम अख्तर कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद हाशिम,उपाध्यक्ष मंटू गुप्ता,नमीम शेख,महामंत्री ममता पासवान सहायक मंत्री हफीजुल विश्वास, संयुक्त मंत्री बिनजार शेख कार्यालय मंत्री करीम शेख, कोषाध्यक्ष अब्दुल कलाम, सदस्य ज्योति कुमारी को बनाया गया।मौके पर मोहम्मद दरवेश, सोनी देवी,लक्ष्मी देवी,शकुंतला देवी,मोनिका आर्य,आशा दास, शकुंतला दास,कल्पना दास, विवेक यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उसरी नदी बचाने को एकजुट हुए गिरिडीह के लोग

**गिरिडीह:** शहर के लिए जीवनदायनी माने जाने वाली उसरी नदी लगातार प्रदूषित हो रही है। बालू का उठाव और फैक्ट्री के साथ-साथ शहर की गंदगी इसी नदी में मिल रही है। ऐसे में इस नदी को बचाने के लिए गिरिडीह शहर के लोग एकजुट होकर लगातार काम कर रहे हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए उसरी महोत्सव मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव की शुरूआत हो चुकी है।गिरिडीह के जिलाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा, डीएफओ मनीष तिवारी और एसडीएम श्रीकांत विस्पुते ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान डीसी ने बताया कि उसरी नदी को लेकर कई योजना तैयार की गई है। सीसीएल और वन विभाग भी इसमें लगा हुआ है। सीसीएल यहां चैकडैम बनाने वाला है। प्रारंभिक साफ-सफाई भी एक दो महीने में दिखेगी। वहीं, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने भी उसरी रिवर फ्रंट की बात कही है। उन्होंने बताया है कि जल्द ही इस प्रोजेक्ट को सरकार लेकर आने वाली है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएफओ मनीष तिवारी ने बताया कि नदी को प्रदूषण से बचाना है।

## कल केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी बघेल आएंगे दुमका



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संविधान गौरव अभियान के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एस.पी. बघेल 20 जनवरी 2025 को दुमका दौरे पर आएंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन भवन, दुमका में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद की अध्यक्षता में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की अहम बैठक दुमका परिसदन में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की।

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री बघेल का आगमन भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायी होगा और यह कार्यक्रम संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने कहा कि यह अभियान भारतीय संविधान की गरिमा को सम्मान देने और आमजन को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया बैठक में अमरेंद्र सिंह मुन्ना, सुरेश मुर्मू, निवास मंडल, मनोज पांडेय, पवन केशरी, धर्मेंद्र सिंह बिद्धू, अमिता रक्षित, गुंजन मरांडी, रमेश मुर्मू, मार्शल ऋषिराज टुडू, दिनेश सिंह, जरमुंडी विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश सिंह, ओम केशरी, दीप्तांशु कोचगवे, सुजीत यदुवंशी सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चोरों के अंताक से आम जनता परेशान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक नहीं थम रहा। पुलिस के लाख दावों के बावजूद अज्ञात चोरों के द्वारा पुनः शराब दुकान सहित तीन अन्य दुकानों में चोरों ने लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार शराब की दुकान से लाखों की चोरी की गई।वहीं दूसरी तरफ थाना क्षेत्र के मदनशाही रेलवे फाटक के सामने स्थित कपड़ा दुकान सहित तीन दुकानों में अज्ञात चोरों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया।पीड़ित व्यक्तियों के द्वारा मामले की मौखिक सूचना थाना प्रभारी को दूरभाष पर दी गई है।वही लोगों ने बताया की आखिर जिला प्रशासन पर आम जनता कैसे विश्वास करेगा।यह बात सोचने वाली है की टाईगर मोबाइल,पेट्रोलिंग गाडी से गशती के नाम पर सिर्फ खाना पुर्ती किया जाता है।अगर कोई आम आदमी देर रात्रि कही से आता है तो उसे पुछा -ताछ करते हैं।कानुन से बढकर चोर तो नही है।जबकि समाचार लिखे जाने तक कानुन प्रक्रिया जारी था।



### झारखंड के मंत्री की दिल्ली विधानसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया, कहा

## शीला दीक्षित की दिल्ली वापस चाहती है वहां की जनता

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका:** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में वहां कांग्रेस की स्थिति काफी मजबूत है. हमारे पक्ष में काफी बढ़िया माहौल है, हमने भी वहां का दौरा किया है लोग शीला दीक्षित की दिल्ली वापस चाह रहे हैं.

कांग्रेस विधायक सह मंत्री ने कहा कि दिल्ली काफी प्रदूषित हो गई है, चारों तरह गंदगी का आलम है. केजरीवाल सरकार ने जो वादे किये वो पूरा नहीं कर पाए. दिल्ली के साथ-साथ पंजाब में भी आप सरकार ने कोई काम नहीं किया, यही वजह है कि दिल्ली बदलाव चाहता है और मुझे पूरा भरोसा है कि लोग कांग्रेस को चुनेंगे. आम आदमी पार्टी वहां अकेले चुनाव लड़ना चाहती थी, ऐसे में वहां महागठबंधन वाली कोई बात नहीं होगी. मंत्री एक केस में पेशी के लिए दुमका कोर्ट आईं और स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से बात की.

**झारखंड भाजपा के पास कोई नेतृत्व नहीं :** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने झारखंड भाजपा पर कटाक्ष किया. रघुवर दास की वापसी पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके आने से कोई फर्क नहीं पड़ता. आज झारखंड में भाजपा के पास कोई नेतृत्व नहीं है, जिसे लेकर वे आगे बढ़े, उनकी पार्टी में गुटबाजी काफी चरम पर है, वहां काफी क्राइसिस है.

**राज्य में 24 लाख अबुआ आवास की जरूरत :** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि हमलोगों ने जो सर्वे कराया है उसके अनुसार पूरे झारखंड में 24 लाख अबुआ आवास की



आवश्यकता है. विशेष बात यह है कि इसमें 06 लाख आवास बन रहे हैं या उसकी प्रक्रिया चल रही है. ऐसे में यहां की जनता के लिए बड़ा काम हो रहा है. हमलोग इसके लिए राज्य की स्त्रोतों से फंड की भी व्यवस्था कर रहे हैं. केंद्र सरकार को भी इसमें ध्यान देना चाहिए. मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की पीएम आवास की राशि सिर्फ एक लाख बीस हजार है जो आवास के लिए नाकाफी है, उन्हें बढ़ाकर 02 लाख करना चाहिए. उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को यह साफ निर्देश दिया गया है कि वे योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए किसी तरह की कोई गड़बड़ी न करें. जो जरूरतमंद हैं उनकी लिस्ट से छेड़छाड़ न करें और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों को अबुआ आवास का लाभ प्रदान करें.

**सुदूरवर्ती इलाकों में सड़कों का जाल बिछाना सरकार की प्राथमिकता**

अपने विभाग की प्राथमिकता की चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो भी सुदूरवर्ती गांव हैं, जहां आने-जाने के लिए लोगों को परेशानी हो रही है, उसे सड़कों से जोड़ा जाए. इसके लिए सर्वे कराया गया है और बहुत जल्द काम धरातल पर नजर आएगा.



## ऐश्वर्या राय से तुलना पर अभिषेक बच्चन की प्रतिक्रिया

महान अभिनेता अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जया बच्चन के बेटे अभिनेता अभिषेक बच्चन पिछले 25 वर्षों से मनोरंजन उद्योग में काम कर रहे हैं। एक सुपरस्टार के बेटे होने के नाते अभिषेक की तुलना अक्सर उनके पिता अमिताभ से की जाती है। उन्होंने खूबसूरत अभिनेत्री ऐश्वर्या राय से शादी की है, इसलिए उनकी तुलना अक्सर उनकी पत्नी से भी की जाती है। अब उन्होंने बताया है कि वह इस तुलना के बारे में क्या सोचते हैं। उन्होंने अपने पिता की भी तारीफ की। जब आप अपने परिवार के सदस्यों की तुलना करते हैं तो क्या इससे उनकी उपलब्धियों पर असर पड़ता है, के सवाल पर अभिषेक ने कहा कि यह कभी आसान नहीं होता, लेकिन अब 25 वर्षों से यही प्रश्न पूछे जाने के कारण मुझे इसकी आदत हो गई है। यदि आप मेरी तुलना मेरे पिता से कर रहे हैं, तो आप मेरी तुलना सर्वश्रेष्ठ से कर रहे हैं। यदि आप मेरी तुलना सर्वश्रेष्ठ से करते हैं, तो मुझे लगता है कि मैं कहीं न कहीं महान नामों में गिने जाने का हकदार हूं। मैं इस तुलना को इसी तरह देखता हूं। मेरे माता-पिता मेरे माता-पिता हैं, मेरा परिवार मेरा परिवार है, मेरी पत्नी मेरी पत्नी है और मुझे उन पर और उनकी उपलब्धियों और वे जो कर रहे हैं उस पर बहुत गर्व है। अभिषेक ने अपने काम के प्रति समर्पण के लिए पिता अमिताभ की सराहना की। अभिषेक ने एक बातचीत में कहा, हम यह बातचीत मुंबई में एक अच्छे एसी रूम में बैठ कर कर रहे हैं, अच्छी कॉफी पी रहे हैं और वह 82 साल के हैं और सुबह 7 बजे से केबीसी के लिए शूटिंग कर रहे हैं। वे समाज के लिए एक उदाहरण हैं। मैं उनके जैसा बनना चाहता हूं। हर रात जब मैं बिस्तर पर जाता हूं, तो बस यही सोचता हूं कि जब मैं 82 साल का हो जाऊंगा, तो मेरी बेटी मेरे बारे में कहे, मेरे पिता 82 साल के हैं और अभी भी काम कर रहे हैं। अभिषेक के काम की बात करें तो वह हाल ही में फिल्म 'आई वांट टू टॉक' में नजर आए। वह जल्द ही सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' में शाहरुख खान के साथ नजर आएंगे। फिल्म में अभिषेक वर्मा और सुहाना खान भी हैं। वह रेमा डिसूजा की फिल्म 'हैप्पी' में भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। ये दोनों फिल्में इसी साल पर्दे पर आएंगी।

## बहन-दोस्त के साथ मॉडल और एक्ट्रेस उर्फी जावेद पहुंचीं जवाई



पाली फैशन स्टाइल को लेकर सुर्खियों में रहने वाली अभिनेत्री और मॉडल उर्फी जावेद इन दिनों जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन एरिया में है। यहां वे अपनी बहन डोली जावेद और फैशन डिजाइनर फ्रेंड श्वेता के साथ आई हैं। यहां उन्होंने लेपर्ड सफारी का आनंद लिया और ट्रिप से जुड़े खूबसूरत पलों को अपने मोबाइल में कैप्चर किया। उर्फी पाली के बेड़ा गांव के पास स्थित चीतागढ़ रिसोर्ट में रुकी हुई है। यहां उन्होंने दाल-बाटी और चूरमा समेत अन्य राजस्थानी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। साथ ही पहाड़ियों के बीच चाय की चुस्कियां भी ली। उनकी ट्रिप का सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें वे जीप के ड्राइवर से पूछ रही है कि यहां एक लेपर्ड का नाम उर्फी रखा है ना। इस पर ड्राइवर हां बोलता है और कहता है वो लेपर्ड अभी सिर्फ डेढ़ साल की है। इस पर उर्फी खुश होकर कहती है कि हमें उस लेपर्ड को ढूंढना है। उर्फी अपनी बहन और फ्रेंड के साथ 16 जनवरी को उदयपुर एयरपोर्ट पर उतरी थी। वहां से कार से बाली उपखंड के बेड़ा गांव के पास स्थित होटल चीतागढ़ रिसॉर्ट पहुंची। यहां पहुंचकर उन्होंने सफारी की और लेपर्ड की साइटिंग की। साथ ही जवाई बांध के किनारे धूप सेंक रहे मगरमच्छ को भी अपने मोबाइल कैमरे में कैप्चर किया। उन्होंने फोटोज क्लिक करने के साथ रील्स भी बनाई। स्पेशल गेस्ट होने के नाते रिसॉर्ट की तरफ से उनके लिए कल्चरल प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। रात को अलाव जलाकर डांस भी हुआ। उन्होंने राजस्थानी व्यंजनों का भी स्वाद चखा। खास कर दाल-बाटी, चूरमा उन्हें काफी पसंद आया। पिछले तीन दिनों से अलग-अलग तरह के राजस्थानी व्यंजन उन्हें परोसे जा रहे हैं। उर्फी जावेद ने 'मोस्ट सर्च्ड एशियन्स ऑफ गूगल 2022' में अपनी जगह बनाई थी। इस लिस्ट में वो 57वें नंबर पर रही थी। वे हमेशा से ही अपने फैशन स्टाइल को लेकर सुर्खियों में रही हैं। 'बिग बॉस' के अलावा उर्फी 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'बड़े भैया की दुल्हनिया', 'मेरी दुर्गा' जैसे टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं।

## रजत दलाल को सपोर्ट करने 'बिग बॉस' के घर पहुंचे एल्विस यादव





6 अक्टूबर 2024 से शुरू हुआ 'बिग बॉस' के 18वें सीजन का सफर अब अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। 19 जनवरी को 'बिग बॉस' के 18वें सीजन का ग्रैंड फिनाले होगा। तो सोशल मीडिया पर कई सर्वेक्षणों के माध्यम से कौन जीतेगा? इसको लेकर तर्क-वितर्क किये जा रहे हैं। कोई कह रहा है कि विवियन डिसेना जीतेंगे तो कोई कह रहा है कि करणवीर मेहरा जीतेंगे। तो कौन सा सदस्य बनेगा 'बिग बॉस' के 18वें सीजन का ग्रैंड विनर? इस पर सभी का ध्यान है। 'बिग बॉस' के 18वें सीजन के ग्रैंड फिनाले से पहले एक और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई लेकिन इस बार एक ट्विस्ट है। यानी पत्रकारों के ज्वलंत सवालों का जवाब देने के लिए सदस्यों के समर्थक मौजूद रहे हैं। रजत दलाल को सपोर्ट करने के लिए 'बिग बॉस ओटीटी' के दूसरे सीजन के विजेता एल्विस यादव मौजूद थे। इसका प्रोमो अब वायरल हो गया है। इस प्रोमो में एक पत्रकार ने एल्विश यादव से पूछा है कि क्या आप रजत का समर्थन कर रहे हैं? वह कहते रहते हैं, मैं तुम्हें फाड़ डालूँगा, मैं तुम्हें मार डालूँगा। उन्होंने मीडिया के सामने कहा कि मुझे मीडिया पर भरोसा नहीं है। अगर आप रजत का समर्थन कर रहे हैं। आप उन्हें जिताते हो तो क्या ये आपके लिए सही होगा? एल्विस ने कहा, ₹यह एक रियलिटी शो है। यहां कोई कल्पना नहीं है, जहां यह दिखावा किया जाता है कि मैं बहुत अच्छा हूँ वगैरह-वगैरह। आपकी राय से मेरी दोस्ती नहीं बदलेगी। मेरा दोस्त है मैं यहां उनका समर्थन करने के लिए हूं, डंके की चोट पे।

इसी बीच कुछ दिनों पहले 'मिड वीक एविक्शन' हुआ। इसी दौरान शिल्पा शिरोडकर घर से बाहर चली गईं। अब 'बिग बॉस' के घर में छह सदस्य विवियन डीसेना, करणवीर मेहरा, चुम दरंग, अविनाश मिश्रा, ईशा सिंह और रजत दलाल हैं। इन छह लोगों में से कौन है 'बिग बॉस' के 18वें सीजन की ट्रॉफी का हकदार? यह देखना दिलचस्प है।

## अर्जुन-भूमि की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' के सेट पर हुआ बड़ा हादसा

बॉलीवुड मनोरंजन जगत से बड़ी खबर सामने आ रही है। फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' के सेट पर शूटिंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया। फिल्म सेट पर अचानक छत गिरने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस बार सेट पर अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, जैकी भगनानी और फिल्म के निर्देशक मुदस्सर अजीज मौजूद थे। सौभाग्य से, इस दुर्घटना में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। अर्जुन कपूर- भूमि पेडनेकर के सेट पर हादसा-फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' की शूटिंग मुंबई के रॉयल पाम्स इंपीरियल पैलेस में शुरू की गई थी। तभी अचानक फिल्म सेट पर छत गिर गई। ये हादसा तब हुआ जब शूटिंग के दौरान तेज आवाज के कारण छत गिर गई। अर्जुन, भूमि, जैकी और निर्देशक मुदस्सर को मामूली चोटें आईं। कहा जा रहा है कि यह हादसा इसलिए हुआ क्योंकि यहां कई दिनों से भारी शूटिंग चल रही थी। फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' के गाने की शूटिंग शुरू हो गई है। पहले दिन शूटिंग अच्छी रही। अगले दिन शाम 6 बजे एक सीन की शूटिंग के दौरान अचानक छत गिर गई। जैसे ही सेट पर छत के टुकड़े गिरे, समय रहते सभी को बचा लिया गया। यदि पूरी छत गिर जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। यह फिल्म 21 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है।-






## कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' की बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत

एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनौत की बहुचर्चित फिल्म 'इमरजेंसी' आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म शुक्रवार 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में कंगना के अभिनय की हर जगह सराहना हो रही है। हालांकि, 'इमरजेंसी' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। फिल्म की शुरूआत धीमी है।



हालांकि फिल्म 'इमरजेंसी' को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला, लेकिन कोरोना के बाद यह कंगना रनौत की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। उनकी पिछली फिल्म 'तेजस' ने पहले दिन 1.25 करोड़ का बिजनेस किया था। लेकिन 'इमरजेंसी' ने इस फिल्म से ज्यादा कमाई की है। सैनिलक की रिपोर्ट के मुताबिक, 'इमरजेंसी' ने ओपनिंग डे पर देश में 2.35 करोड़ रुपये का कलेक?शन किया है। कंगना को बीते 5 साल में यह सबसे बड़ी ओपनिंग मिली है। कंगना की पिछली फिल्म 'तेजस' ने 2023 में ओपनिंग डे पर 1.25 करोड़ रुपये कमाए थे।

कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही विवाद जारी है। अब इस फिल्म को बांग्लादेश में बैन कर दिया गया है। इस फिल्म को पंजाब में भी बैन करने की मांग हो रही है। इस फिल्म की कहानी पर कांग्रेस ने भी आपत्ति जताई है। सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भी इसका विरोध कर रही है।

**जॉन अब्राहम के साथ एक्टर कुमुद मिश्रा, शारिब हाशमी, सादिया खतीब नजर आएंगे।**



## जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' 7 मार्च को होगी रिलीज

जॉन अब्राहम का 'वेदा' में शानदार परफॉर्मेंस करना उनके अभिनय कौशल का प्रमाण है, भले ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही हो। अब जॉन अपनी अगली फिल्म 'द डिप्लोमैट' के जरिए एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की रिलीज की नई तारीख का ऐलान हो गया है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म में जॉन एक भारतीय राजदूत की भूमिका निभाएंगे। यह भारतीय राजदूत पाकिस्तान में रह रही एक भारतीय लड़की को वापस लाने के लिए अथक प्रयास करता है। पाकिस्तान में इस लड़की की जबरन शादी कराई जाती है। यह एक सच्ची घटना है और हर कोई उत्सुक है कि फिल्म 'डिप्लोमैट' में इसे कैसे दशार्या जाएगा। फिल्म 'डिप्लोमैट' 7 मार्च 2025 को रिलीज होगी। इसमें जॉन अब्राहम के साथ एक्टर कुमुद मिश्रा, शारिब हाशमी, सादिया खतीब नजर आएंगे। जॉन अब्राहम 2024 में फिल्म 'वेदा' में नजर आए थे। हालांकि फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन जॉन के अभिनय की सराहना की गई। अब हर कोई ये देखने को उत्सुक है कि फिल्म 'डिप्लोमैट' में जॉन की एक्टिंग क्या जलवा बिखेरती है।

### खो खो विश्व कप : सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हरा फाइनल में पहुंची भारतीय टीम

**नई दिल्ली** : खो खो वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 62-42 के बड़े अंतर हरा दिया है। भारतीय टीम ने इस वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। नॉकआउट मैच में सभी खिलाड़ियों ने अटैक और डिफेंड में दमदार प्रदर्शन करके दिखाया। प्रतीक वायकर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अपना पूरा जोर लगा दिया और विश्व स्तर पर अपने देश का झंडा एक बार फिर से ऊंचा कर दिया है। भारतीय महिला टीम पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है। भारतीय पुरुष टीम और दक्षिण अफ्रीका टीम के बीच खेले गए पहले मुकाबले के ऊपर एक नजर डालें, तो शुरूआत में ही टीम इंडिया ने विपक्षी टीम के ऊपर धावा बोल दिया था। कप्तान प्रतीक वायकर टॉस हार गए, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने उन्हें डिफेंड करने के लिए कहा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले टर्न में शानदार अटैक करते हुए किसी भी डिफेंडर को पैर जमाने का मौका नहीं दिया और 20 अंक हासिल किए। दूसरे टर्न में अटैक करने उतरी भारतीय टीम के अटैकरों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और एक भी डिफेंडर को पैर जमाने नहीं दिया। टीम इंडिया ने अटैक से 28 प्वाइंट्स हासिल किए और 8 प्वाइंट्स से लीड ले लिया। कहीं भी कोई अटैकर ने दक्षिण अफ्रीका डिफेंडरों को हावी होने नहीं दिया और 7 मिनट तक हल्ला बोला। दूसरे राउंड में भारत ने 28 पॉइंट्स लिए।

## कर्नाटक 5वीं बार बना विजय हजारे ट्रॉफी का चैम्पियन, विदर्भ को 36 रनों से दी मात

एजेंसी

**वडोदरा:** विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 के हाईस्कोरिंग फाइनल मैच में कर्नाटक ने विदर्भ को 36 रन से हरा दिया। इस रोमांचक मुकाबले में मिली जीत से साथ कर्नाटक पांचवीं बार विजय हजारे ट्रॉफी का चैम्पियन बना। इस मैच में कर्नाटक ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 348 रन बनाए। विदर्भ की टीम 349 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 48.2 ओवर में 312 रनों पर ऑलआउट हो गई और 36 रनों से मैच हार गई। कर्नाटक के लिए स्मरण रविचंद्रन के शतक (101) और कृष्णन श्रीजीत के (78) और अभिनव मनोहर (79) की शानदार पारियों खेली। इस मैच में विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और छठे ओवर में यश ठाकुर की गेंद पर देवदत्त पडिक्कल (8) के आउट होने से टीम को शुरूआती सफलता मिली। इसके बाद कप्तान मयंक अग्रवाल (32) और केवी अनीश (21) भी पवेलियन लौट गए।स्मरण और श्रीजीत ने चौथे विकेट के लिए 160 रनों की बड़ी साझेदारी कर कर्नाटक को मैच में वापस ला दिया। अभिनव मनोहर ने 188.09 की स्ट्राइक रेट से मात्र 42 गेंदों पर 79 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 4 छक्के शामिल थे। कर्नाटक ने पहली पारी 348/6 पर समाप्त की और विदर्भ को बड़ा लक्ष्य दिया। विदर्भ के लिए दर्शन नालकांडे और नचिकेत भूते ने 2-2 विकेट हासिल किए। विदर्भ के लिए ओपनर ध्रुव शौरी के शानदार शतक (110) रनों की पारी खेली लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। उनके अलावा हर्ष दुबे ने (63) की धमाकेदार पारी खेली। लेकिन विदर्भ की टीम लक्ष्य का पीछा करने से 36 रन पीछे रह गई। इस मैच में टीम के स्टार बल्लेबाज और कप्तान करुण नायर का बल्ला नहीं चला जो विदर्भ के हारने की वजह बना।

नायर 27 रनों की पारी खेल प्रसिद्ध कृष्णा की बॉल पर बोल्ड हो गए. उनके अलावा यश कदम (15), जितेश शर्मा (34), शुभम दुबे (8) और अपूर्व वानखेड़े (12) रन बनाकर आउट हो गए। कर्नाटक के लिए अभिलाष शेट्टी, प्रसिद्ध कृष्णा और वासुकी कौशिक ने 3-3 विकेट हासिल किए और उनकी टीम को 36 रनों से जीत दिला दी।



# महाकुंभ में 17 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किया स्नान



एजेंसी

**महाकुंभनगर :** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में रविवार को प्रातः 08 बजे तक 17 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने स्नान कर लिया है। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी के अनुसार रविवार को 08 बजे तक 10 लाख से अधिक कल्पवासियों ने स्नान कर लिया है। इसके अलावा सात लाख से अधिक अन्य तीर्थयात्रियों ने स्नान किया है। कुल मिलाकर आज सुबह से अब तक कुल 17.02 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने स्नान ?कर लिया है। रविवार का दिन होने के कारण प्रयागराज के आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान करने के लिए पहुंचे हैं।

## महाकुंभ में बांसुरी बनी मेले की खास आकर्षण बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हुए मंत्रमुग्ध

एजेंसी

**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ मेले में बांसुरी विक्रेताओं के चेहरे पर खास चमक देखने को मिल रही है। देश के कोने–कोने से आए बांसुरी विक्रेता अपनी कला और उत्पाद के साथ मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं। महाकुंभ मेला में बड़े हनुमान जी मंदिर के पास एक धुन, हजारों आने जाने वालों को अपनी ओर खींच रहा है। धुन ऐसा कि बिना कुछ देर ठिठके कोई आगे बढ़े ही नहीं। बांसुरी की धुन से सबका ध्यान खींचने वाला यह व्यक्ति कोई पेशेवर संगीतकार नहीं बल्कि एक बांसुरीवाला है जो मेले में कुछ कमाई करने तो आया ही है साथ ही उसकी चाहत है कि बांसुरी बेचने का पारंपरिक पेशा आगे बढ़ता रहे। गिटार, स्मार्टफोन के युग में बच्चों के हाथ में भारतीय संस्कृति से जुड़ी बांसुरी भी रहे। बिहार के छपरा से आये मियां जान खान का परिवार कई पीढ़ियों से बांसुरी बनाने और बेचने का काम करता है। जान खान भी बांसुरियों के बीच ही पले-बढ़े। वह बताते हैं कि- हाईटेक हो चुकी दुनिया में बांसुरियों की बिक्री अब कम हो गई है। पहले बच्चे बांसुरी खरीदते थे तो धंधा चलता था लेकिन अब यह काम बहुत सीमित हो चुका है। वह बताते हैं कि, ह्यअब खास त्योहारों-पर्वो पर लगने वाले मेलों में ही बांसुरियों को बेचने का काम किया जाता है। बाकी दिनों में छोटा मोटा काम या मजदूरी करता हूं। छपरा से बांसुरी बेचने आये रमेश कहते हैं- बाप-दादाओं ने बांसुरी बेची है। परिवार के लोगों की आजीविका चली है। आज भी परिवार में कई लोग बांसुरी बेचते हैं। इसलिए उसे भी अच्छा लगता है। उन्होंने बताया कि, ह्यतीन महीना से खाली था, कोई और काम करने से बेहतर था कि बाप-दादाओं के काम को ही आगे बढ़ाया जाए। रोज कितनी कमाई हो जाती है इस पर रमेश ने बताया कि पांच सौ से लेकर एक हजार तक वह रोज कमाई कर लेता है लेकिन किसी किसी दिन तीन-चार सौ रुपये की भी बांसुरी नहीं बिकती। जान खान के अनुसार, जिस दिन अधिक भीड़ होती है उस दिन कमाई अच्छी हो जाती है। कभी कभार ज्यादा भीड़ होने पर उसके जैसे फेरीवालों को मेला क्षेत्र से बाहर कर दिया जाता है, इससे भी कमाई मारी जाती है। उन्होंने बताया कि, मेले में बांसुरी की बिक्री हो रही है, इक्का-दुक्का ग्राहक की मुरली और बंसी खरीदता है। बाराबंकी के रामनगर से आये बांसुरी विक्रेता जियालाल ने बताया कि, 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक की बांसुरी है।



# महाकुंभ पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

एजेंसी

**महाकुंभनगर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रविवार को तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 में प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए निर्मित राजस्थान मंडप का अवलोकन किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वच्छता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने, मंडप में आधुनिक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करने तथा समस्त व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी हेतु निर्देशित किया। इससे पूर्व भजन लाल शर्मा ने क्षेत्र के सेक्टर-6 में राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित विशेष टेंट पहुंचकर राजस्थान के विभिन्न जनपदों से आए श्रद्धालुओं से भेंट की। इस दौरान भजनलाल शर्मा के साथ राजस्थान के पूर्व संगठन महामंत्री एवं वर्तमान में तेलंगाना प्रदेश के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर भी उपस्थित रहे। भजनलाल शर्मा रविवार देर रात प्रयागराज पहुंचे थे। प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन०आर०आई० एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री महाकुंभ मेले में भ्रमण कर संतों से भेंट करेंगे।



# राजस्थान में कड़ाके की सर्दी के कारण दिन का तापमान भी गिरा



एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। जयपुर, कोटा, सीकर, पिलानी समेत कई जिलों में शनिवार को भी दिन का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया।
श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, हनुमानगढ़ समेत कुछ शहरों में शनिवार को कोल्ड-डे की स्थिति रही। मौसम विशेषज्ञों ने इस कड़ाके की सर्दी से दो दिन थोड़ी राहत मिलने की संभावना जताई है। 22 जनवरी से बारिश को लेकर भी अलर्ट है। साथ ही रविवार को भरतपुर, कोटा, बीकानेर संभाग के 15 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में सर्दी के बने रहने की संभावना है। 19 व 20 जनवरी को कोटा और बारां में कोहरे का असर रहेगा। इसका यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का अनुमान ?है कि 21 जनवरी को पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर संभाग और पश्चिमी राजस्थान में जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। वहीं 22 जनवरी को भी ऐसा ही हाल रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में जयपुर, सीकर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं के अलावा भरतपुर, भीलवाड़ा, करौली समेत कई जिलों में कोहरा रहा और दिन में सर्द हवा चली।
सबसे अधिक तापमान शनिवार को जालोर जिले में 27.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जयपुर में दिन का तापमान 19.8 डिग्री रहा। मौसम विशेषज्ञों ने 20 जनवरी से प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से राहत मिलने की संभावना जताई है। एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के जम्मू-कश्मीर, लद्दाख क्षेत्र में सक्रिय होगा। इस कारण उत्तरी हवाओं का प्रभाव राजस्थान समेत दूसरे मैदानी राज्यों में कम हो जाएगा। वहीं राजस्थान में पश्चिमी हवाएं भी चलने की संभावना है।
जिससे शहरों के तापमान में इजाफा होगा और दिन में तेज धूप निकलने की संभावना है।

## मणिपुर पुलिस ने यूपीपीके कैडर को किया गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस ने काकचिंग जिले के हियांगलम लाई पंगम्बा इलाके से यूपीपीके के एक कैडर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सौग्रकपम किंगसन सिंह (35) के रूप में हुई है, जो हियांगलम लाई पंगम्बा मानक का निवासी है। पुलिस ने इस कार्रवाई के तहत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। गिरफ्तार कैडर से पूछताछ जारी है।

## असम के डीजीपी को सीआरपीएफ का महानिदेशक नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली/गुवाहाटी :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस (असम मेघालय कैडर 1991) जीपी सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का महानिदेशक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके अधीक्षण की तारीख से 30 नवंबर 2027 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उसके लिए की गई है। इस संबंध में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा 18 जनवरी को आदेश जारी किया गया।

## शीतकालीन प्रवास का तीसरा दिन : नूरपुर दौरे पर मुख्यमंत्री करोड़ों की सौगात देंगे

**धर्मशाला :** शीतकालीन प्रवास पर जिला कांगड़ा पंहुचे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू रविवार को प्रवास के तीसरे दिन नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। अपने नूरपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्र को कई सौगातें देकर यहां विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू नूरपुर में 30 करोड़ 52 लाख 85 हजार 600 रुपए की सात विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास इस दौरान करेंगे। इसमें 13 करोड़ 7 लाख 66 हजार रुपए की योजनाओं के लोकार्पण और 17 करोड़ 78 लाख 19 हजार रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री 7 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से बने दरड़ नाला-डमोह संपर्क मार्ग का दो पुलों सहित लोकार्पण करेंगे, वे 2 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से बने जिला फोरेंसिक यूनिट का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ 2 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से निर्मित खज्जियां हार लिंक रोड तथा 36 लाख 66 हजार रुपए से बने विद्युत विभाग के उपमंडलीय भवन का लोकार्पण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री नूरपुर के जाच्छ में 13 करोड़ 91 लाख 36 हजार रुपए की लागत से बनने वाले एसपी कार्यालय के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 3 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कंडवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बिल्डिंग तथा 86 लाख 83 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले गरेली खड्ड पुल की आधारशिला रख भूमि पूजन करेंगे। नूरपुर के जाच्छ में जनसभा को करेंगे सम्बोधित नूरपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री जाच्छ में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री अपने दो साल के दौरान की उपलब्धियों की भी जनता के बीच रखेंगे।

# पंजाब: खनौरी बॉर्डर पर डल्लेवाल ने 54 दिनों बाद लिया उपचार, जारी रहेगा अनशन

## केंद्र की बैठक में शामिल होंगे किसान संगठन



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के दौरान आमरण अनशन कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 54 दिन का अनशन पूरा होने के बाद शनिवार रात 1 बजे उपचार लेना शुरू किया। डॉक्टरों ने उन्हें ग्लूकोज की ड्रिप लगाई। इस बीच डल्लेवाल का अनशन रविवार को 55वें दिन में प्रवेश कर गया। शनिवार को केंद्रीय अधिकारियों के शिष्टमंडल द्वारा खनौरी का दौरा किये जाने के बाद यहां देर रात तक बैठकों का दौर चलता रहा। किसानों की मांगों को लेकर 14 फरवरी को चंडीगढ़ में मीटिंग होगी। शनिवार को कृषि और किसान कल्याण विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रियरंजन खनौरी बॉर्डर पर पहुंचे। यहां उन्होंने आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात कर मीटिंग का न्योता दिया। इसके बाद डल्लेवाल मेडिकल सुविधा लेने को राजी हो गए। उन्हें ग्लूकोज लगाया गया। किसानों की सहमति के बाद केंद्र सरकार ने देररात बैठक का पत्र भी जारी कर दिया। पत्र के अनुसार भारतीय किसान यूनियन (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की मांगों को लेकर भारत सरकार और पंजाब सरकार के मंत्रियों की बैठक 14 फरवरी को चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में होगी। हम आशा करते हैं कि डल्लेवाल जल्द अपना अनशन खत्म करेंगे और बैठक में शामिल होंगे। केंद्रीय अधिकारियों ने डल्लेवाल से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। 121 किसानों ने कहा कि पहले डल्लेवाल कुछ खाएं, फिर हम खाएंगे। व्रत उनके साथ ही खत्म करेंगे। किसानों ने डल्लेवाल को मेडिकल ट्रीटमेंट देने के लिए हामी भर दी है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### धर्मशाला में पैराग्लाइडिंग करते गुजरात की युवती की मौत, पायलट उपचाराधीन

**धर्मशाला :** धर्मशाला के इन्द्रूनाग साइट में पैराग्लाइडिंग की टेंडम फ्लाइट करते समय गुजरात की युवती की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना टेक ऑफ करते ही पैराग्लाइर के गहरी खाई में गिरने से पेश आई है। गुजरात के अहमदाबाद की 19 वर्षीय पर्यटक युवती की मौत होने से उसके परिजन सदमे में हैं। वहीं पैराग्लाइडर पायलट भी इस हादसे में घायल हुआ है, जिसे हल्की चोटें आई हैं। पायलट को जोनल अस्पताल धर्मशाला में भर्ती किया गया है जहां उसका उपचार किया गया है। एसपी कांगडा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि एक महिला पर्यटक की पैरागलाइडिंग की टेंडम फ्लाइट के समय मौत हुई है। इसे लेकर धर्मशाला पुलिस स्टेशन की टीम की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को देर शाम गुजरात के अहमदाबाद की महिला पर्यटक 19 वर्षीय भावेश्वर खुशी पुत्री जिग्नेश निवासी नारनपुरा अहमदाबाद गुजरात को लेकर पायलट मुनीष कुमार पुत्र प्यारे लाल निवासी टऊ चोहला धर्मशाला ने टेंडम फ्लाइट भरी थी। इन्द्रूनाग साइट से टेकऑफ सही से न होने पर पैराग्लाइडर दुर्घनाग्रस्त हो गया। जिसके बाद महिला पर्यटक व पायलट को जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों की ओर से पर्यटक युवती को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि पायलट का उपचार चल रहा है। महिला पर्यटक गुजरात की रहने वाली थी, और अपने परिवार के साथ धर्मशाला घूमने के लिए आई थी। वहीं, पैराग्लाइडर के दुर्घटनाग्रस्त होने से सुरक्षा को लेकर फिर से बड़े सवाल उठना शुरू हो गए हैं कि शाम के समय उड़ान क्यों करवाई जा रही थी। गौरतलब है कि इससे पहले भी एडवेंचर स्पोर्ट्स में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जिसमें धर्मशाला में इससे पहले भी एक मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई बार पैराग्लाइडर दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट घायल भी हुए हैं। पैराग्लाइडिंग के सहायक के टेक ऑफ साईट से लटक जाने से वह बाद में गिर गया था और उसकी मौत हुई थी। अब पर्यटक की मौत होने से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठने शुरू हो गए हैं। उधर एसपी कांगड़ा ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। उसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

### कुल्लू में पैराग्लाइडर हादसे में एक पर्यटक की मौत

**कुल्लू :** जिला कुल्लू के भुंतर के साथ लगती गड़सा घाटी में हुए पैराग्लाइडर हादसे में पर्यटक की मौत हो गई है जबकि पायलट घायल हो गया है। हादसा शुक्रवार को हुआ था जब गड़सा घाटी में स्थित पैराग्लाइडर साइट से पैराग्लाइडर पायलट द्वारा पर्यटक के साथ उड़ान भरी गई लेकिन अज्ञात कारणों से पैराग्लाइडर दुर्घटना का शिकार हो गया और पैराग्लाइडर करीब 100 फूट की ऊंचाई से जमीन पर गिर गया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन ने बताया कि हादसे में घायल हुए पर्यटक को इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचाया गया जहां घायल पर्यटक की मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां मृतक ए जयश राम (28) पुत्र एनबी आनंद निवासी 3/ 846 विघ्नेश्वर नगर , वीरपंडी रालाडोंम रोड त्रिपुरा, तमिलनाडु के शव को पोस्टमार्टम के बाद मृतक के दोस्त के सुपुर्द कर दिया है। हादसे में घायल अश्वनी कुमार (27) पुत्र अशोक कुमार निवासी गड़सा, तहसील भुंतर जिला कुल्लू का इलाज चल रहा है।

### झांसी में 4 प्रतिष्ठानों के 7 स्थानों पर जीएसटी का छापा, हड़कंप

**झांसी :** लम्बे समय से मिल रही शिकायतों के चलते जीएसटी विभाग ने देर शाम महानगर के 4 चर्चित प्रतिष्ठानों के 7 स्थानों पर छापेमारी की। अवध फूड्स, नंदी बटर काउंटर, न्यू अवध फूड्स और कुशवाहाजी फूड्स के मालिक बिना जीएसटी बिल के ही माल बेचकर टैक्स चोरी कर रहे थे। देर रात इसकी जानकारी जीएसटी विभाग के उच्चाधिकारी ने दी। छापेमारी से से व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर पुनीत अग्निहोत्री ने बताया कि 4 प्रतिष्ठानों के 7 स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। इसमें अवध फूड्स के 4 स्थानों, न्यू अवध फूड्स, कुशवाहाजी फूड्स और नंदी बटर काउंटर के एक-एक स्थान पर छापा मारा गया। शिकायत मिल रही थी कि ये जीएसटी बिल जारी नहीं कर रहे हैं। कोई टोकन दे रहा है तो कोई बिना टोकन के ही सीधे माल दे रहा है। उन्होंने बताया कि खाने की चीजों पर मात्र 5 प्रतिशत टैक्स लगता है। एक काउंटर की मिनिमम सेल 50 हजार रुपए है। ये बहुत कम टैक्स दे रहे हैं। इन लोगों के बैंक खातों की जांच की जाएगी क्योंकि अधिकतर लोग क्यूआर कोड से पेमेंट करते हैं। वहीं, दुकान में जो कैश मिला है, उसके आधार पर सेल मानते हुए नियमानुसार टैक्स व जुमार्ना वसूला जाएगा।

### आनंदराम बरुवा को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने महान शिक्षाविद, साहित्यकार और प्रशासक आनंदराम बरुवा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि, ₹जातीय जीवन को समृद्ध बनाने वाले असम के सपूत आनंदराम बरुआ शिक्षा, साहित्य और प्रशासनिक क्षेत्र के एक चमकते सितारे थे। पंडित आनंदराम बरुवा पहले असमिया आईसीएस अधिकारी होने के साथ ही संस्कृत भाषा और साहित्य में भी उनका अतुलनीय योगदान है। असम के इस महान व्यक्तित्व का पांडित्य, प्रशासनिक दक्षता और देशभक्ति हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। आज उनकी पुण्यतिथि पर मैं गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।₹

### नेशनल हाईवे के बंद रेलवे क्रॉसिंग पर कई गाड़ियां टकराई एक की मौत तीन घायल

**अमेठी :** लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमेठी जिले के करौली थाने के सामने बने रेलवे क्रॉसिंग पर तेज रफ्तार डीसीएम ने पहले से खड़े ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते कई गाड़ियां आपस में टकरा गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक युवक की मौत हो गई है। लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमेठी जिले के कमरौली थाने के ठीक सामने बने रेलवे क्रॉसिंग पर सुबह चार बजे के करीब ट्रेन को गुजरना था, जिसके कारण रेलवे क्रॉसिंग बंद किया गया । तभी नेशनल हाईवे पर लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जाने वाली एक ट्रेलर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण बीएचईएल गेट से लगभग 50 मीटर पश्चिम की तरफ खड़ी थी। इस समय लखनऊ की ही ओर से एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम आई और ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके कारण उसके पीछे खड़ी डीसीएम और अर्टिगा गाड़ी भी आपस में टकरा गई। हादसे में अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र के निवासी रोहित पांडेय , जितेंद्र सिंह पुत्र मुनेश्वर सिंह निवासी बासा थाना मसौली जनपद बाराबंकी, रोहित यादव पुत्र रामराज यादव निवासी पट्टी बक्शी मठ थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी और अलीम हुसैन पुत्र महबूब हुसैन निवासी पलथा थाना नखासा जिला मुरादाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलों को एंबुलेंस के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर इलाज के लिए भेजा। ड्राइवर रोहित पांडेय की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई । शेष सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कमरौली थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल पूरी टीम लेकर हम लोग मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया और क्षतिग्रस्त गाड़ियों को क्रेन बुलाकर हटवाया गया । बाधित यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से आवागमन के लिए बहाल कर दिया गया है।

### दिल्ली विस चुनावः कुल 1522 नामांकन पत्र भरे गए, 1040 हुए स्वीकृत

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। निर्वाचन आ?ोग के अनुसार कुल 1522 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इनमें से 477 खारिज किए गए। इस तरह कुल 1040 नामांकन पत्र स्वीकृत हुए। सबसे ज्यादा नामांकन नई दिल्ली विधानसभा सीट से भरे गए। यहां 29 उम्मीदवारों ने 40 नामांकन पत्र दाखिल किए। इस सीट पर आम आदमी पार्टी (आआपा) से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भाजपा से प्रवेश वर्मा और पूर्व सीएम स्व. शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित मैदान में हैं। शुरूआत से ही यह सीट हाई प्रोफाइल बनी हुई है। वहीं, सबसे कम नामांकन कस्तूरबा नगर सीट पर हुआ है। इस सीट से कुल छह उम्मीदवारों ने नौ नामांकन पत्र भरे हैं। यहां से आआपा ने रमेश पहलवान, भाजपा ने नीरज बसोया और कांग्रेस ने अभिषेक दत्त को प्रत्याशी बनाया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में कुल 70 विधानसभा सीटे हैं। जहां 981 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यहां मतदान 05 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना 08 फरवरी को होगी।

# अफीम को लेकर खतरे में थानेदार, ग्राम प्रधान के जेल जाने से किसान भी खौफ में

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** साल 2025 अफीम तस्करों के लिए आफत बन कर आया है। सालों साल तक केवल अफीम की खेती को बर्बाद करने वाली पुलिस, अब अफीम किसानों को सीधे जेल भेज रही है। आलम यह है कि अब अफीम की खेती करने वाले ग्राम प्रधान जेल जा रहे हैं। वहीं, अफीम को लेकर जो थानेदार एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे हैं, उनपर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है।

डीजीपी ने अफीम को लेकर एफआईआर नहीं करने वाले थानेदारों को सस्पेंड करने का निर्देश जारी कर दिया है। पिछले 15 दिनों के भीतर अफीम प्रभावित जिलों से एक दर्जन से ज्यादा अफीम किसानों को गिरफ्तार किया गया है। खूंटी में तो एक ग्राम प्रधान ही अफीम की खेती करवा रहा था। सूचना मिलने पर उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पहले सिर्फ होता था खानापूर्ति

दरअसल, झारखंड में साल 2025 से पहले अफीम की फसल को नष्ट करने के लिए सिर्फ खानापूर्ति किया जाता था। न अफीम तस्कर गिरफ्तार होते थे न ही अफीम की खेती करने वाले किसान। किसानों पर एफआईआर भी ना के बराबर होती थी। यहां तक कि अफीम की फसल को तैयार होने के बाद भी नष्ट नहीं किया जाता था।



अब इसके ठीक उलट इस वर्ष जनवरी में ही पूरे झारखंड में लगभग 1600 एकड़ में लगी अफीम की फसल को पौधे की शक्ल लेने से पहले ही नष्ट कर दिया गया है और जो किसान अफीम की खेती करवा रहे थे उन्हें गिरफ्तार किया गया है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि ग्राम प्रधान तक को अफीम की खेती करने के आरोप में जेल भेजा गया है। यह वैसे ग्रामीणों के लिए चेतावनी है, जो अफीम की खेती करते हैं।

थानेदारों को दी गई चेतावनी

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि वैसे तमाम थानेदार जिनके थाना क्षेत्र में अफीम की खेती की गई है उन्हें बेहद साफ शब्दों में यह निर्देश दिया गया है कि हर कृषक जिसकी जमीन पर अफीम उगाई गई है उसपर एफआईआर दर्ज करें। एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले थानेदारों पर सीधे निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गुमला जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: बसिया में अवैध खनन और क्रशरों पर छापेमारी



**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार, आज बसिया अनुमंडल क्षेत्र में खनन पट्टों, क्रशरों और अवैध उत्खनन के विरुद्ध औचक निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी, बसिया के नेतृत्व में, जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बसिया और शशस्त्र पुलिस बल की उपस्थिति में की गई।

निरीक्षण के दौरान, मौजा बसिया के दो प्लॉटों पर स्थित क्रशर मशीनों को संचालनरत पाया गया, जबकि उनका स्वीकृति पत्र (सीटीओ) पहले ही समाप्त हो चुका था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोनों क्रशर मशीनों के इंजन रूम को सील कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त, छापेमारी के समय पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ट्रैक्टर को बसिया थाना भेजकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई शुरू की गई है। धारित खनन पट्टों की भी जांच की गई और अनियमितताओं के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खनन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### 140 दिव्यांग बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करवाया गया



गुमला : गुमला जिला प्रशासन के समावेशी शिक्षा प्रभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार आज शुक्रवार को इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों को गुमला जिले के प्रमुख शैक्षणिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विज्ञान केंद्र, पालकोट का किला, गोबर सिली और ऋषिमुख पर्वत का दौरा किया। इस विशेष कार्यक्रम में 140 दिव्यांग बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इसके अतिरिक्त, सभी प्रखंडों के रिसोर्स शिक्षकों ने भी इस भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया और बच्चों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधीक्षक के नेतृत्व में किया गया, जबकि आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था समावेशी शिक्षा प्रभाग प्रभारी डॉ. मीतू सिन्हा द्वारा सुनिश्चित की गई। यह शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम बच्चों के ज्ञानवर्धन और मानसिक तनाव विकास में सहायक सिद्ध होगा।

गुमला जिला प्रशासन समावेशी शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा।

### गणतंत्र दिवस में शामिल होंगी सिमडेगा की मुखिया विमला देवी



**सिमडेगा:** नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सिमडेगा के जलडेगा प्रखंड की पतिअंबा पंचायत की मुखिया विमला देवी को आमंत्रित किया गया है। अपने पंचायत में पेयजल आपूर्ति के सफल और व्यवस्थित संचालन के साथ-साथ रखरखाव के लिए मुखिया को विशेष अतिथि के रूप में नई दिल्ली में राष्ट्रपति के कार्यक्रम में जाने के लिए चयनित किया गया है।

सिमडेगा जिला अंतर्गत जलडेगा प्रखंड के कारीमाटी ग्राम की निवासी पतिअंबा पंचायत की मुखिया विमला देवी के द्वारा पतिअंबा पंचायत में पेयजलापूर्ति स्कीम का सफल संचालन किया जा रहा है। इस पंचायत में कुल 04 गांव और 22 टोला है, जिसकी कुल जनसंख्या 3412 है। जिसमें अनुसूचित जाति के कुल 337, अनुसूचित जन जाति के कुल 2364 और सामान्य वर्ग के 711 लोग निवास करते है। पंचायत में कुल 824 घरों की संख्या है, पंचायत के सभी घरों में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है। यह पंचायत हर घर जल सत्यापित है।

इस पंचायत के सभी योजनाओं को ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को हस्तांतरित किया गया है। चूकिं मुखिया ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष होते हैं। इसलिए अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए इस पंचायत की मुखिया विमला देवी पेयजलापूर्ति योजनाओं का अच्छे से संचालन कराती हैं। पतिअंबा पंचायत में कुल 04 स्कूल और 04 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं, जिसमें पेयजलापूर्ति की व्यवस्था है।

पेयजल आपूर्ति योजना के सफल संचालन के लिए मुखिया के द्वारा पंप ऑपरेटर, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन चयन कर रखा गया है। मुखिया के द्वारा लगातार सभी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की जाती है। पेयजलापूर्ति योजनाओं के निर्माण के समय में मुखिया ने ग्राम सभा कर एवं ग्रामीणों को अपने स्तर से शुद्ध पेयजल की महत्व एवं लाभ के बारे में घूम-घूमकर जानकारी दी और जागरूक किया। जिससे प्रभावित होकर लोगों ने हर घर जल ग्राम बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया।

इन योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव के लिए मुखिया के द्वारा बैठक कर ग्रामीणों को मासिक शुल्क जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान में यदि स्कीम में कोई सामान्य समस्या होती है तो मुखिया के अगुवाई में राशि जमा कर मरम्मत कार्य भी कराई जाती है। मुखिया विमला देवी 22 जनवरी को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सहायक अभियंता (पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल) के साथ दिल्ली रवाना होंगी।

## जिला प्रशासन ने सीलिंगा गांव में समस्याओं के समाधान के लिए की पहल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला में आज परियोजना निदेशक, रीना हांसदा ने रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित 300 की आबादी वाले सीलिंगा गांव का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क और पुलिया निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को प्रमुख समस्याओं के रूप में रखा। रानी हांसदा ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने गांव की वर्तमान स्थिति का भी गहन निरीक्षण किया और स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की समस्याओं के निवारण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



इसके अतिरिक्त, रानी हांसदा ने गांव में दिनांक 28 जनवरी 2025 को एक स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन का निर्देश दिया। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि ग्रामीणों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक ने कहा, जिला प्रशासन जिले के नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जल्द ही ग्रामीणों को उनकी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।₹

जिला प्रशासन की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## यूजी सेमेस्टर-3 की परीक्षा 28 जनवरी से, विवि ने जारी की परीक्षा कार्यक्रम

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के परीक्षा विभाग ने शनिवार को यूजी सेमेस्टर-3, सत्र-2022-26 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। उक्त परीक्षा 28 जनवरी से 11 फरवरी तक दोनों पालियों में ली जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए परीक्षा विभाग द्वारा सभी विषयों को तीन ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूविज्ञान, समाजशास्त्र, गणित, गृह विज्ञान, संगीत, सांख्यिकी और कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय शामिल हैं। ग्रुप बी में हिंदी, संथाली, बंगाली, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, फारसी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, एआईएचएंडसी, गांधीवादी विचार, ग्रामीण अर्थशास्त्र, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं तथा प्रबंधन विषय शामिल हैं जबकि ग्रुप सी में इतिहास, एलएसडब्लू, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान और मानव विज्ञान विषय शामिल हैं। यह परीक्षा 28 जनवरी से शुरू हो रही है और 11 फरवरी 2025तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इस परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा ओएसडी डॉ. इंद्रनील मंडल ने बताया कि परीक्षा के आयोजन की सारी तैयारियां विश्वविद्यालय में तालाबंदी से पहले ही कर ली गई थी, लेकिन हड़ताल और तालाबंदी के कारण परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह छात्रों के एडमिट कार्ड भी जारी कर दिए जाएंगे। बता दें तालाबन्दी हटने के बाद विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग जल्द से जल्द सभी लंबित परीक्षाओं को आयोजित करने की कोशिश में जुट गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने कॉलेजों को पांच दिनों के अंदर यूजी सेमेस्टर-1 की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश भेजे हैं, जिसकी अंतिम तिथि अगले सप्ताह का मंगलवार है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने यूजी सेमेस्टर-2 के परीक्षा फॉर्म भरने के संबंध में भी नोटिस जारी किया है, जो 20 जनवरी2025 से ऑनलाइन भरे जाएंगे। परीक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को पैरामेडिकल के 15 विभिन्न पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है, जिनकी परीक्षा 4 फरवरी से 11 फरवरी2025 तक आयोजित की जाएगी। मालूम हो कि प्रत्येक यूजी परीक्षा में करीब 30000-35000 छात्र-छात्राएं शामिल होते हैं। ऐसे में सीमित संसाधनों के साथ परीक्षा आयोजित करना परीक्षा विभाग समेत सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है।

## हजारीबाग में गुंडागर्दी, 2 प्रतिष्ठान में तोड़फोड़, चार घायल

### करीब 10 लाख रुपए का नुकसान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**हजारीबाग:** जिले में मार्खम कॉलेज रोड स्थित दो दुकान में तोड़फोड़ की गई है। यही नहीं प्रतिष्ठा के मालिक पर भी हमला किया गया है। जिससे वे घायल हो गए हैं। उनका इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित परिवार ने बताया कि स्थानीय रवि पांडे नाम के युवक ने वारदात को अंजाम दिया है।

प्रतिष्ठान के मालिक का आरोप है कि एक युवक ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि रंगदारी वसूलने को लेकर घटना को अंजाम दिया है। ताकि क्षेत्र में उसका खौफ बना सके। पीड़ित परिवार ने स्थानीय रवि पांडे नाम के युवक पर इसका आरोप लगाया है। अस्पताल में इलाज कर रहे प्रतिष्ठान के संचालक पंकज गुप्ता ने बताया कि रवि पांडे ने दुकान में आने के साथ ही लोहे के एंगल से दुकान में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। जब उसे रोकने की कोशिश की तो उसने लोहे से ही उसे पर हमला कर दिया। स्थिति को देखते हुए जान बचाकर भागना पड़ा। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना स्थानीय बड़ा बाजार थाना को भी दी गई है। इलाज करवाने के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे हैं। लगभग 8 लाख का नुकसान दुकान में हो गया।

एक अन्य दुकान के संचालक सुनील कुमार ने बताया दुकान को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वहीं पास के ही एक अन्य दुकान में भी इसी तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। मारपीट में उनके बेटे का हाथ भी टूट गया और खुद भी चोटिल हुए हैं। इस घटना में 2 लाख रुपया का नुकसान हो गया है। पूरी घटना में चार लोग घायल हैं। सभी का इलाज चल रहा है। जब इस बाबत बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिट्टू रजत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रवि पांडे ने सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर संत कोलंबस कॉलेज के निकट हंगामा किया था। आक्रोश में आकर मार्खम कॉलेज स्थित दो दुकानों में उसने तोड़फोड़ की है, जिसमें चार लोग घायल हुए हैं। इस मामले में दो एफआईआर थाने में दर्ज की जाएगी। एक सदर थाने में की जाएगी क्योंकि संत कोलंबस कॉलेज सदर थाना क्षेत्र में आता है। दूसरी एफआईआर बड़ा बाजार थाने में दर्ज की जाएगी जहां दो दुकान के संचालकों के साथ मारपीट की है। जिसमें चार लोग घायल हुए हैं जिसमें 10 लाख का नुकसान हुआ है।

## धनबाद में तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई ट्रक समेत सैकड़ों टन अवैध कोयला जब्त

**धनबाद :** जिले में अवैध कोयला का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीआईएसएफ व प्रशासन की टीम ने दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया है। पहली छापेमारी झरिया सीओ मनोज कुमार के नेतृत्व में घनुडीह ओपी क्षेत्र के दुगार्पुर मोहरीबांध में की गई। जहां से भारी मात्रा में कोयला जब्त किया गया है। झाड़ियों में कोयला स्टॉक कर रखा गया था। सीओ ने दो हाइवा मंगवाकर कोयला लोड करवाया और फिर बीसीसीएल को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

वहीं, दूसरी छापेमारी सीआईएसएफ ने लोदना ओपी से करीब 300 मीटर की दूरी पर की। जहां से अवैध कोयला लदे बारह चक्का ट्रक के साथ चालीस टन कोयला जब्त किया गया है। इस मामले में छापेमारी करने पहुंची सीआईएसएफ ने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया। मौके पर बीसीसीएल लोदना कोलियरी प्रबंधक लोदना ओपी पहुंचे और सीआईएसएफ द्वारा छापेमारी व कोयला जब्त किए जाने की जानकारी लोदना ओपी प्रभारी को दी। मीडिया से बात करते हुए कोलियरी प्रबंधक ने बताया कि 50 टन से अधिक कोयला जब्त किया गया है। ट्रक मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। इस बीच सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि मोहरीबांध में सीओ की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### ईंट भट्ठा में चल रहा था अवैध अंग्रेजी शराब का धंधा

**धनबाद:** उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में बोतल और अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। साथ ही पैकेजिंग के उपकरण, कच्चा स्प्रिट और शराब निर्माण में उपयोग होने वाली अन्य चीजें भी उत्पाद विभाग ने बरामद की है। वहीं, शराब की कीमत करीब 25 लाख रुपए है। बताया जा रहा है कि एक ईंट भट्ठा में शराब फैक्ट्री का धंधा चल रहा था, जिसे बिहार सप्लाई किया जाता था। बिहार भेजने के लिए ही शराब बनाने का काम चल रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दबिश दी। उत्पाद विभाग की यह कर्रवाई राजगंज थाना क्षेत्र के बेलायटांड में गई है। इलाके में स्थित एक ईंट भट्ठा में शराब फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था, जिसकी गुप्त सूचना सहायक उत्पाद आयुक्त को मिली थी।

## कर्तव्यनिष्ठा हैं वरीय आईएएस अमरेन्द्र प्रताप सिंह

**प्रकाश पाठक**

झारखंड के 1991 बैच के वरीय आईएएस अधिकारी तथा अविभाजित बिहार एवं वर्तमान समय में झारखंड में अमरेन्द्र प्रताप सिंह को ऐसे आईएएस अधिकारी के रूप में जाना जाता है जो कि अपने कर्तव्य निर्वहन के लिए किसी भी तरह समझौता नहीं करते हैं। श्री सिंह एक ऐसे आईएएस अधिकारी हैं जिन्होंने अपने 34 वर्षो के कार्यकाल में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन किया है। श्री सिंह 1991 में आईएएस बने फिर दो वर्षो के प्रशिक्षण के बाद उनकी पहली पदस्थापना अविभाजित बिहार के फारबिस गंज में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में हुई उसके बाद बेतिया, चंपारण, गिरिडीह, पटना, सहरसा, और गढ़वा जिला में उपायुक्त के रूप में हुई इसके अलावा श्री सिंह झारखंड राज्य बनने के पश्चात हजारीबाग, पश्चिम सिंहभूम





चाईबासा तथा बोकारो के डीसी भी रहे। श्री सिंह ने विभिन्न विभागों के उच्च पदों पर अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए उन विभागों की कमियां दूर कर उन विभागों को और बेहतर बनाया। अविभाजित बिहार के समय श्री सिंह के कार्यकाल के दौरान एक ऐसा भी मौका आया जिसमे एक ही दिन में श्री सिंह की चार विभागों में तबादला और पदस्थापना की गई और उनसे यह भी कहा गया कि आप अपनी पोस्टिंग के लिए राजनेताओं से संपर्क कीजिए किंतु श्री सिंह ने जहाँ भी उनकी पदस्थापना की गई वहाँ योगदान दिया जो उनकी उत्कृष्टता को दशार्ता है। वर्तमान समय में श्री सिंह पांचवें वित्त आयोग के चेयरमैन के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

अमरेंद्र प्रताप सिंह एक ऐसे आईएएस अधिकारी हैं जो आज के आईएएस अधिकारियों तथा लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं जो आज के आईएएस अधिकारियों को ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य पालन की शिक्षा देते हैं। ऐसे ही कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी से देश और राज्य तथा विभाग गौरवान्वित होता है। ऐसे आईएएस अधिकारी पर हमें निश्चित तौर पर गर्व है।